विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाईनिंग टेबल, सर्विस टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 279 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 11 जुलाई 2025 डाक 12 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
तीर्थयात्री जम्मू और कश्मीर के गंदेरबल जिले में बालटाल आधार शिविर से अमरनाथ की पवित्र गुफा की ओर अपनीयात्रा पर आगे बढ़ते हुए


**देश-विदेश**
अंतरिक्ष से धरती पर 14 जुलाई को लौटेंगे शुभांशु शुक्ला, नासा ने किया ऐलान


**फीचर पेज**
स्पोर्ट्स शूज खरीदते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, होगा सही चयन


# पहले आप ये तय करें किस पार्टी से हैं..., थरूर ने इशारों में जताई सीएम बनने की इच्छा तो मुरलीधरन ने कसा तंज

**तिरूवनंतपुरम, 11 जुलाई [एजेंसी]।**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बीते दिन एक सर्वे शेयर किया था, जिसमें उन्हें केरल के मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे लोकप्रिय नेता बताया गया। इसको लेकर राजनीतिक घमासान मच गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन ने अपनी ही पार्टी के नेता पर तंज कसते हुए कहा कि पहले थरूर को ये तय करना चाहिए कि वो किस पार्टी में हैं। मुरलीधरन ने शशि थरूर की एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पत्रकारों से कहा, सर्वे में भले ही कोई और आगे चल रहा हो, लेकिन अगर 2026 के विधानसभा चुनाव में यूडीएफ सत्ता में आती है तो मुख्यमंत्री यूडीएफ से ही होगा। हमारा लक्ष्य चुनाव जीतना है। हमें ऐसे अनावश्यक विवादों



में किसी तरह की कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की केरल इकाई में कई वरिष्ठ नेता हैं, जिन पर मुख्यमंत्री पद के लिए विचार किया जाएगा, चाहे कोई भी सर्वेक्षण कुछ भी कहे।

मुरलीधरन ने कहा कि पार्टी के पास नियमों का एक ढांचा है, जिसके अनुसार यह निर्णय लिया जाएगा कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। दरअसल, मुरलीधरन का ये बयान ऐसे वक्त पर आया है जब कांग्रेस पार्टी और शशि थरूर के बीच तनातनी चल रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर का शशि थरूर ने खुलकर समर्थन किया और जो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेशों में भेजा गया वो उसका हिस्सा भी रहे। कई मौकों पर वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ भी कर चुके हैं, जो पार्टी को रास नहीं आई।

## जिया-उल-हक ने पाक का किया जिहादीफिकेशन
## बिलावल भुट्टो का एक और कबूलनामा मान ली आतंकी पालने की बात

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान लाख कोशिश कर ले अपनी सच्चाई छुपाने की, लेकिन वहां के नेता खुद ही अपने देश की पोल खोल देते हैं।



पाकिस्तान पिपुल्स पार्टी के चेयरमैन और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कुबूल किया है कि पाकिस्तान की धरती से जिहाद छेड़ा गया है। बिलावल भुट्टो ने कहा कि वे अतीत से भागना नहीं चाहते हैं कि पाकिस्तान के पूर्व तानाशाह देश का जिहादीफिकेशन करने के लिए जिम्मेदार रहे हैं।

# एनआईए का मोस्ट वांटेड सिर पर 10 लाख का इनाम...

## कौन है कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग करने वाला हरजीत सिंह लाडी



**नईदिल्ली, 11 जुलाई [एजेंसी]।**

भारत के मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा ने हाल ही में कनाडा में अपना एक कैफे खोला था, जिसकी ऑपनिंग काफी धूमधाम से की गई थी। पिछले दिनों उनके कैफे पर एक व्यक्ति ने फायरिंग कर दी, जिसने सभी को चौंका कर रख दिया। फायरिंग की घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हमलावर कार से पिस्टल निकालकर फायरिंग करता दिख रहा है। फायरिंग करने वाले शख्स का नाम सामने आया है हरजीत सिंह उर्फ लाडी का। हरजीत सिंह उर्फ लाडी पंजाब के नवांशहर जिले के गांव गरपधाना का रहने वाला है और उसके पिता का नाम कुलदीप सिंह है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के मुताबिक, लाडी खालिस्तान समर्थक मोड्यूल का एक्टिव मेंबर है। एनआईए ने बताया कि लाडी बब्बर खालसा इंटरनेशनलजैसे संगठन के विदेशी आकाओं से जुड़ा हुआ है। एजेंसी ने लाडी को फरार आतंकवादी घोषित कर रखा है और उस पर 10 लाख रुपये का ईनाम भी है। भारत में विश्व हिन्दू परिषद के नेता विकास बग्गा की हुई हत्या में भी लाडी का नाम जुड़ा है। 2024 में इस केस की जांच एनआईए को सौंपी गई थी जिसमें हरजीत लाडी, कुलबीर सिंह उर्फ सिद्धू और अन्य कई लोग इस साजिश में शामिल निकले।

लाडी खुद तो एक्टिव है ही, साथ ही वो विदेश में बैठे आतंकी फाइनेंसरों और हैंडलरों के संपर्क में भी है। बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े गुर्गों के साथ उसकी बातचीत और फंडिंग को लेकर अब तक कई डिजिटल सबूत जुटाए जा चुके हैं। पंजाब पुलिस की ओर से अभी तक हरजीत सिंह लाडी के खिलाफ कोई औपचारिक एफआईआर या चार्जशीट सार्वजनिक नहीं की गई है। हालांकि, एनआईए की जांच में उसे मोस्ट वांटेड करार दिया गया है। इससे पता चलता है कि लाडी के खिलाफ जो भी सबूत है वो काफी मजबूत हैं और बेहद संवेदनशील भी हैं।

# दिल्ली के आजाद मार्केट में इमारत ढही, एक की मौत, राहत-बचाव जारी



**नई दिल्ली 12 जुलाई।** उत्तरी दिल्ली के आजाद मार्केट के पास शुक्रवार देर रात को बिल्डिंग गिरने से हड़कंप मच गया। बिल्डिंग के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर सूटकेस और तीरपाल की दुकानें थीं। वहीं पा में ही मेट्रो के निर्माण का कार्य चल रहा है। रात 2 बजे बिल्डिंग गिरी है। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई है। यह हादसा आजाद मार्केट के पास पुल मिठाई पर हुआ है।दुकान के नीचे खड़ा ट्रक भी क्षतिग्रस्त हुआ है। राहत बचाव कर रही दमकल कर्मियों की टीम ने 46 वर्षीय एक व्यक्ति को घायल हालत में निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल की पहचान मनोज के रूप में हुई है जो कि यूपी का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस, फायर बिग्रेड,एंबुलेंस एनडीआरएफ की टीम मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है।

# पोर्ट ब्लेयरः समुद्र में फंसी अमेरिकी नौका को भारतीय तटरक्षक बल ने बचाया, 12 घंटे तक चला अभियान

**मुंबई।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 10 जुलाई को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के इंदिरा पॉइंट से 52 नॉटिकल मील दक्षिण-पूर्व में फंसी अमेरिकी नौका सी एंजल और इसके दो चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाया। नौका में एक अमेरिकी और एक तुर्की नागरिक सवार थे, जो तेज हवाओं और उबड़-खाबड़ समुद्र में अपनी नौका के खराब होने के कारण संकट में थे। भारतीय तटरक्षक बल के जहाज राजवीर ने इस जोखिम भरे अभियान को अंजाम देकर नौका को कैंपबेल बे तक सुरक्षित पहुंचाया। 10 जुलाई को सुबह 11.57 बजे, पोर्ट ब्लेयर में तटरक्षक बल के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) को चेन्नई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास से संकट सिग्नल मिला। नौका सी एंजल की पाल फट गई थी और इसका प्रोपेलर रस्सियों में उलझने के कारण पूरी तरह से काम नहीं कर रहा था।



एमआरसीसी ने तुरंत अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा नेटवर्क को सक्रिय किया और जहाज राजवीर को बचाव के लिए रवाना किया। तेज हवाओं और ऊंची लहरों के बीच जहाज राजवीर नौका तक पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बचाव दल ने पाया कि नौका की पाल पूरी तरह से फटी हुई थी और प्रोपेलर रस्सियों में उलझा था, जिसके कारण नौका गतिहीन थी। तटरक्षक बल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 10 जुलाई को शाम 6.50 बजे नौका का संचालन करना शुरू किया। लगभग 13 घंटे के कठिन अभियान के बाद, सी एंजल को 11 जुलाई को सुबह 8.00 बजे कैंपबेल बे में सुरक्षित लाया गया।

# जलालुद्दीन उर्फ छांगुर गिरोह का माफिया मुख्तार अंसारी से कनेक्शन आया सामने

## अवैध संपत्तियों पर चलता रहेगा बुलडोजर



**लखनऊ 12 जुलाई।** मतांतरण के मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर के गिरोह की अन्य संपत्तियों पर भी बुलडोजर चलाया जाएगा। एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश के अनुसार गिरोह द्वारा विदेशी फंडिंग की रकम व अवैध ढंग से जुटाई गईं अन्य संपत्तियां गैंग्सटर एक्ट के तहत जब्त कर ध्वस्त की जाएंगी। इस बीच पुणे में मोहम्मद अहमद खान मीडिया के सामने आया और उसने यह जानकारी दी कि छांगुर गिरोह का कनेक्शन मृतक माफिया मुख्तार अंसारी से भी था। छांगुर का बेटा महबूब भी जेल में है। भतीजा सबरोज, साले का बेटा शहाबुद्दीन, गोंडा के रिश्तेदार रमजान, बलरामपुर के रसीद को एटीएस ने एफआईआर में नामजद किया है। अब इन लोगों की संपत्तियां खंगाली जा रही हैं। विदेशी फंडिंग का उपयोग मतांतरण में कराने के पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने उन प्रापर्टी डीलर और वकीलों की भी खोज शुरू की है, जिसने मतांतरण गैंग को सहयोग किया है।

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कोरोना संक्रमित मिले



**राजनांदगांव।** कौरिनभांठा क्षेत्र की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दो नए कोविड पॉजिटिव मरीज मिले हैं। दोनों कोविड पॉजिटिव महिलाओं को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। जिले में अब कोविड पॉजिटिव एक्टिव केस की संख्या 3 हो गई है। यहां पहले से इसी क्षेत्र की एक 65 वर्षीय वृद्धा का इलाज जारी है। वह महिला कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रही इसके बाद उसे कोविड आईसीयू वार्ड में शिफ्ट किया गया। पिछले कुछ दिनों से उस वृद्धा की हालत स्थिर है। उसका इलाज किया जा रहा है।

# देहरादून में मिला 125 किलो विस्फोटक, पुलिस-प्रशासन में हड़कंप



**विकास नगर।** देहरादून में 125 किलो विस्फोटक मिलने से हड़कंप मच गया। मामले में हिमाचल के तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक त्यूणी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक ऑल्टो कार को चेक किया गया तो वाहन में 5 पेटी डायनामाइट कुल वजन 125 किलो बरामद हुआ। वाहन सवार व्यक्तियों से उक्त विस्फोटक पदार्थ को परिवहन करने के संबंध में आवश्यक दस्तावेज मांगे गए, जो दिखा नहीं पाए। जिस पर अवैध विस्फोटक पदार्थ की बरामदगी पर थाना त्यूनी पर मु0अ0सं0 19/2025 धारा 3/7 विस्फोटक अधिनियम 1884 बनाम रिंकू, रोहित, सुनील पंजीकृत किया गया।

## यूएई से भारत लाया गया वांछित मुस्तफा, विदेश में रहकर महाराष्ट्र में नशीली दवाओं की फैक्टरी चलाने का आरोप

**नई दिल्ली।** सीबीआई विदेश में रहकर महाराष्ट्र में नशीली दवाओं की फैक्टरी चलाने के वांछित आरोपी को अबूधाबी से वापस लेकर आई है। आरोपी कुब्बावाला मुस्तफा यूएई और दुबई में रहकर भारत में नशे का कारोबार कर रहा था। सीबीआई ने बताया कि नशीली दवाएं बनाने के आरोपी वांछित कुब्बावाला मुस्तफा को मुंबई पुलिस की चार सदस्यीय टीम के साथ संयुक्त अरब अमीरात से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया।



# सावन के पहले दिन काशी, हरिद्वार और प्रयागराज में उमड़े श्रद्धालु



**नईदिल्ली, 11 जुलाई [एजेंसी]।**

पवित्र सावन महीने की शुरुआत के साथ ही देशभर के प्रमुख तीर्थस्थलों पर बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। भगवान शिव को समर्पित यह महीना श्रद्धा, आस्था और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर वाराणसी, हरिद्वार और प्रयागराज जैसे तीर्थस्थलों पर शुक्रवार की सुबह भक्ति, सेवा और समर्पण के अद्वितीय उदाहरण के रूप में देखी गई। हजारों शिव भक्त मंदिरों में भगवान की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करने के लिए कतारों में खड़े हुए। देवभूमि हरिद्वार में बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज है। शुक्रवार सुबह हर की पौड़ी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। दूर-दराज से पहुंचे शिवभक्त गंगा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं और गंगाजल भरकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। हरिद्वार के कनखल स्थित दक्षिणेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। भोले बाबा की ससुराल कहे जाने वाले इस पावन धाम में भक्तों ने जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। श्रद्धालुओं का मानना है कि सावन में यहीं से भोलेनाथ सृष्टि का संचालन करते हैं। इसी आस्था के चलते भक्त दूर-दूर से यहां दर्शन के लिए पहुंचे। हरिद्वार में प्रशासन की ओर से मंदिर में सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पुलिस बल तैनात है, मेडिकल कैंप, जलपान केंद्र और विश्राम स्थलों की व्यवस्था से श्रद्धालुओं को राहत मिल रही है। कांवड़ यात्रा के लिए आए भक्तों का जोश देखते ही बनता है।

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में दिन की शुरुआत मंगला आरती के साथ हुई, जिसके बाद मंदिर के द्वार आम दर्शन के लिए खोल दिए गए। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंची। उत्साह से भरे भक्त लंबी लेकिन व्यवस्थित कतारों में खड़े होकर बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद पाने के लिए उत्सुक थे। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष के साथ मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। वाराणसी मंडलायुक्त ने शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की।

## कवर्धा में 4 लोगों की मौत बोरवेल गाड़ी क्षतिग्रस्त



**कवर्धा।** जिले में शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही बोर वाहन दुर्घटना का शिकार हो गई। वाहन गहरे खाई में जा गिरी। भयावह हादसे के बाद चार मृतकों के शव बरामद किया गया हैं। 8 लोगों वाहन के नीचे दबे हुए हैं। मौके पर रेस्क्यू जारी है। जानकारी के मुताबिक, बोर वाहन मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी। इसी दौरान कुकदूर थाना क्षेत्र के अगरपानी चाटा में वाहन अनियंत्रित होकर गहरे खाई में गिर गई। सूचना पर पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गया है। घटनास्थल से चार लोगों के शव बरामद किए गए हैं। वहीं 8 लोग वाहन के नीचे दबे हुए हैं, जिन्हें बाहर निकालने की कोशिश जारी है।

# विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग पर भरोसा करना चाहिएः शाहनवाज हुसैन

**नई दिल्ली।** बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण मामले पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई पर बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा ने विपक्ष द्वारा बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण मामले पर रोक लगाए जाने की मांग पर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मैं मानता हूं कि विपक्षी दलों के द्वारा चुनाव आयोग पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण मामले पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई पर भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, इसके (विशेष मतदाता पुनरीक्षण) खिलाफ विपक्षी दल के नेता सुप्रीम कोर्ट गए थे, खासकर मनोज झा। उन्होंने कोर्ट से स्टे मांगा, लेकिन कोई स्टे नहीं लगा। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ सुझाव दिए हैं, जो उचित हैं। आखिरी सुनवाई में फैसला आएगा। विपक्षी नेताओं को सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा करना चाहिए। मगर ये लोग उस पर भी बयानबाजी करते हैं।



**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड
घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# बलूचिस्तान में बड़ा हत्याकांड, बस में सवार यात्रियों को पहचान पत्र देख उतारा, फिर मार दी गोली

**ब्लूचिस्तान, 11 जुलाई [एजेंसी]।**

झोब पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में बड़ा हत्याकांड हुआ है। झोब क्षेत्र में उग्रवादियों ने लाहौर जा रही बस में सवार नौ यात्रियों की हत्या कर दी। बंदूकधारियों ने हाईवे पर बस को रुकवाया। इसके बाद यात्रियों के पहचान पत्र देखकर उनको बस से नीचे उतारा और फिर गोली मार दी। अब तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। झोब के सहायक आयुक्त नवीद आलम ने बताया कि झोब राजमार्ग पर क्वेटा से लाहौर जा रही बस को बंदूकधारियों ने रोक लिया। इसके बाद उन्होंने बस में चढ़कर यात्रियों के पहचान पत्र देखे। इसमें जिन यात्रियों के पास पंजाब प्रांत के पहचान पत्र थे, उन नौ यात्रियों को बस से उतारा और गोली मार दी। उन्होंने कहा कि हमने नौ शवों को पोस्टमार्टम और दफनाने की प्रक्रिया के लिए अस्पताल भेज दिया है।यह पहली बार नहीं है कि उग्रवादियों ने पंजाब प्रांत के लोगों और बलूचिस्तान के विभिन्न राजमार्गों पर चलने वाली यात्री बसों को निशाना बनाया है। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। लेकिन बलूच समूहों की ओर से हमला किए जाने की आशंका जताई जा रही है। क्योंकि वह पहले भी पंजाब के लोगों को निशाना बना चुके हैं।



वहीं क्वेटा, लोरलाई और मस्तुंग में भी उग्रवादियों ने हमले किए, लेकिन सुरक्षा बलों ने इन हमलों को विफल कर दिया। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने दावा किया कि सुरक्षा बलों ने हमलों को रोक दिया।

उन्होंने कहा कि इनमें से किसी में भी किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से सटा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसक विद्रोह का केंद्र रहा है। बलूचिस्तान के पास गैस, खनिज और तटीय संपत्तियों जैसे प्राकृतिक संसाधन हैं, फिर भी यह पाकिस्तान का सबसे गरीब और सबसे अविकसित इलाका है। बलूच विद्रोही समूह अक्सर सुरक्षा कर्मियों, सरकारी परियोजनाओं और 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाकर हमले करते रहते हैं।

## किरंदुल नहीं आएगी 10 ट्रेनें, ओडिशा बंगाल और आंध्र के यात्रियों को झटका

**रायपुर।** बस्तर को ओडिशा, वेस्ट बंगाल और आंध्र प्रदेश से जोड़ने वाली करीब 10 ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट की गई है। 11 जुलाई से 14 जुलाई 3 दिनों तक ये ट्रेनें अब जगदलपुर और किरंदुल नहीं आएगी। सभी ट्रेन ओडिशा के कोरापुट तक आएगी और वहीं से लौट जाएगी। रेलवे अब इन 3 दिनों के लिए किरंदुल से जयपुर तक स्पेशल ट्रेन चला रहा है। ताकि यात्री जयपुर तक सफर तय कर सकें। दरअसल, करीब हफ्ते भर पहले मल्लीगुड़ा और जड़ती स्टेशन के बीच लैंड स्लाइड हुआ था। मार्ग तो क्लियर कर दिया गया है, लेकिन फिर भी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ जगह अब भी काम जारी है। लैंड स्लाइड के बाद काम जारी होने से हिराखंड, समलेश्वरी, किरंदुल-विशाखापट्टनम ट्रेन समेत अन्य ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है।

## दो दिन कोरबा के प्रवास पर रहेंगे राज्यपाल रमेन डेका

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य के महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका 11 एवं 12 जुलाई को कोरबा प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका 11 जुलाई को शाम 4.00 बजे सर्किट हाउस बिलासपुर से प्रस्थान कर शाम 5.30 बजे एनटीपीसी गेस्ट हाउस कावेरी भवन कोरबा पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे।महामहिम राज्यपाल श्री डेका 12 जुलाई को प्रातः 9.45 बजे कावेरी भवन से प्रस्थान कर 9.55 बजे कलेक्टोरेट पहुंचेंगे। वे यहां एक पेड़ माँ के नाम पोधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। दोपहर 11.50 बजे कलेक्टर आफिस से प्रस्थान कर लंच करेंगे। वे दोपहर 1 बजे पोड़ी उपरोड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे और पोड़ी उपरोड़ा मुख्यालय में दोपहर 1.30 बजे एक पेड़ मां के नाम पोधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। वे यहां से अपरान्ह 3 बजे राजभवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जिला स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**कोरबा।** जिले में 25वीं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन आज सेंट्रल वर्कशॉप एस ई सी एल फुटबॉल मैदान कोरबा में संपन्न हुआ, जिसमें सब जूनियर बालक 15वर्ष में एम जी एम बालको कोरबा विजेता रहे। जूनियर बालक 17वर्ष में एम जी एम बालको कोरबा विजेता तथा सेजस बांकीमोंगरा कटघोरा उपविजेता रहे। 17वर्ष बालिका सेजस सिंघिया पोंडीउपरोडा विजेता रहे। इस प्रतियोगिता का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय, के आर टंडन क्रीड़ा खंड कोरबा के मार्गदर्शन में तथा संयोजक प्राचार्य मनोज बारिक गाटलिव, श्रीमती कल्पना मिश्रा, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक कृष्ण गढ़वाल, संदीप गौरहा, श्रीमती सावित्री डड़सेना, विशाल दुबे, देवेन्द्र महतो, सनत कालेलकर, नवल किशोर उपाध्याय, स्वेता चौधरी, आर एल भारद्वाज, देवा मौर्या, अनिष टोप्पो, योगेश वैष्णव आदि व्यायाम शिक्षक एवं खेल प्रभारियों एवं नीता सारथी, मनीष कुमार (स्वास्थ्य विभाग), श्री दीनू पटेल एवं रामपाल साहू खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

# हर खेत तक सहायता, हर किसान तक विश्वास दृ शासन की योजनाओं से खरीफ की शुरुआत बनी आसान

### समय पर मिला खाद-बीज, अब हर फसल से जुड़ी है उम्मीद और उत्साह



**कोरबा।** कोरबा जिले में इस समय खरीफ सीजन की बुआई का कार्य अपने चरम पर है। झमाझम बारिश के बीच खेतों में रौनक लौट आई है और किसानों में उत्साह का माहौल है। इस पूरे कृषि चक्र को सुचारू बनाने के लिए राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। शासन की प्राथमिकता है कि प्रदेश समेत जिले के किसी भी किसान को कृषि में समस्या महसूस न हो।जिले की सभी सहकारी समितियों में खाद एवं बीज का भरपूर भंडारण किया गया है और वितरण की प्रक्रिया निरंतर पारदर्शी और सुगम ढंग से जारी है। समितियों के माध्यम से किसानों को यूरिया, डीएपी, पोटाश, सुपर फास्फेट, नैनो यूरिया सहित प्रमाणित एवं उन्नत किस्म के धान बीज जैसे दृ स्वर्णा, 1010, 1001 और 1156 का वितरण किया जा रहा है।सहकारी समितियों में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए वितरण कार्य को इस तरह व्यवस्थित किया गया है कि किसानों को न तो लंबी कतार में लगना पड़ रहा है और न ही अनावश्यक इंतजार करना पड़ रहा है। किसान अपनी आवश्यकता अनुसार समितियों में पहुंचकर सुगमता से खाद-बीज प्राप्त कर रहे हैं।आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सोनपुरी समिति के महाप्रबंधक श्री बरत साहू ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार समुचित भंडारण और समयबद्ध वितरण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक कुल 2,429.8 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। समिति में पंजीकृत लगभग 95 प्रतिशत किसान खाद-बीज का उठाव कर चुके हैं, और शेष किसानों को भी शीघ्र ही सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।श्री साहू ने यह भी बताया कि शासन द्वारा समय-समय पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त खाद-बीज भेजा जा रहा है, जिससे वितरण में कोई रुकावट न आए। यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक किसान को उनकी जरूरत के अनुसार समुचित मात्रा में गुणवत्ता युक्त बीज और खाद प्राप्त हो। उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी कुछ दिनों में शत-प्रतिशत किसानों को खाद-बीज का वितरण पूर्ण कर लिया जाएगा।शासन की दूरदर्शी नीतियों और समय पर योजना क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप इस वर्ष किसानों को खेती की शुरुआत में किसी भी प्रकार की कमी नहीं झेलनी पड़ी। परिणामस्वरूप जिले में खरीफ फसलों की बुआई का कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है और किसानों को इस वर्ष एक बेहतर फसल की उम्मीद है।



## अक्षय कुमार दुबे बनें अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ के अध्यक्ष

**कोरबा।** अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ जिला कोरबा के चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद अक्षय कुमार दुबे 120 वोट में से 111 वोट प्राप्त करके पुनः जिला अध्यक्ष के पद को हासिल किया। सचिव पद पर केसरवानी 96 वोट प्राप्त कर जिला सचिव की पदभार ग्रहण किया और कोषाध्यक्ष के रूप में धरम तिवारी निर्विरोध चयन हुए। टोटल 75 स्कूलों ने पार्टिसिपेंट किया और उन्होंने अपना मताधिकार का प्रयोग करं 120 वोट डालें इनमें से सचिव पद के लिए शिव शंकर जायसवालजी को 12और राधे श्याम मनहर जी को 12 वोट मिले और संदीप केसरवानी को सचिव पद के लिए 96 मत प्राप्त हुए इसी कड़ी में अध्यक्ष के लिए 120 वोट पड़े जिसमें 9 वोट भौनेंद्र डहरवाल को प्राप्त हुए और 111 वोट अक्षय कुमार दुबे प्राप्त करके अपना जिला अध्यक्ष के पद पर पुनः काबिज हुए चुनाव अधिकारी एसआर अमित नोडल अधिकारी रामनारायण जायसवाल पूरे ही पारदर्शिता के साथ चुनाव को संपन्न कराया और विधिवत्त घोषणा कर प्रमाण पत्र प्रदान किया और जिले की कमान अक्षय दुबे, संदीप केसरवानी और धरमलाल तिवारी को अशासकीय विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भेंट किया।

# उद्योग मंत्री ने कबीर आश्रम में मनाया गुरूपूर्णिमा

**कोरबा।** नगर विधायक, वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरुवार को रिसदी स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम में विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होने श्री सतगुरू कबीर साहेब के तैल्य चित्र में पूजा-अर्चना, पुष्प अर्पण कर बंदगी किया।

मंत्री श्री देवांगन ने आश्रम में चौका आरती कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।साथ ही संतों का आशीर्वाद लिया।इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने सम्बोधित करते हुए कहा की ये मेरा सौभाग्य है की आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रिसदी स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम में आयोजित चौका आरती और पूजन में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की आश्रम से मेरा वर्षों से जुड़ाव रहा है।मंत्री श्री देवांगन ने आश्रम परिसर में 25 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की आप सभी ने विधानसभा और नगर निगम चुनाव में भाजपा को आशीर्वाद देकर रिकॉर्ड मतों से जिताया। डबल इंजन की सरकार ने कोरबा नगर निगम के सभी वार्डो में पहले वित्तीय वर्ष में 400 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी है जिसका काम तेज गति से चल रहा है। इस वित्तीय वर्ष में भी करोडो के कार्य स्वीकृत किये गए हैं, टेंडर की प्रक्रिया तेजी से कर कार्यों को गति दी जा रही है।

इस अवसर पर मंत्री ने परम पूज्य महंत श्री ज्ञानेश्वर साहेब का आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी उपस्थित लोगों को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा की गुरु की कृपा शिष्य को जीवन के समस्त विघ्नों से रक्षा प्रदान करती है, उसे अज्ञानता से ज्ञान, संकट से समाधान की और मार्ग प्रशनस्त करती है।

इस अवसर पर गुरु शरण चंद्रा, यशोदा चंद्रा, माया, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, लखन चंद्रा, पार्षद प्रताप सिंह, जीवेन्द्र चंद्रा, नन्द कुमार चंद्रा, चन्द्रिका चंद्रा, नारयण गभेल, प्यारे लाल गभेल, हेमंत गभेल, रेशम महंत समेत अधिक संख्या में समाज के प्रमुख जन उपस्थित रहे।

## छात्रावासों में अतिरिक्त सीटों की वृद्धि को लेकर विधायक फूलसिंह राठिया ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

### रामपुर विधानसभा क्षेत्र के छात्रावासों में कम पड़ रही सीट

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण व दूरस्थ वनांचल के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास बनाए गए हैं। वर्तमान में इन छात्रावासों में रहकर छात्र-छात्राएं अध्यापन कार्य कर रहे हैं। छात्रावास में अब सीट कम पड़ने लगी है। जिसकी वजह से सभी जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रावास सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रही है। ऐसे में या तो विद्यार्थियों को बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ रही है या फिर किराए के रूप में आर्थिक खर्च करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों की इस समस्या को देखते हुए रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने विधानसभा क्षेत्र में संचालित छात्रावासों में सीट वृद्धि को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने किस छात्रावास में कितने अतिरिक्त सीट की आवश्यकता है इसका भी उल्लेख किया है। विधायक श्री राठिया ने पत्र में कहा है कि रामपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत अनुसूचित जनजाति बालक एवं बालिका छात्रावासों में अतिरिक्त सीटों की वृद्धि किया जाना अति आवश्यक है। पत्र में बताया गया है कि विकास खण्ड करतला के कस्तुरबा गांधी अवासीय विद्यालय सेन्द्रीपाली में 50, प्री. मेट्रिक बालक छात्रावास करतला में 20, कन्या छात्रावास करतला में 20, कन्या छात्रावास रामपुर में 10, कोरबा ब्लॉक के प्री. मेट्रिक बालक छात्रावास भैसमा में 20, कन्या छात्रावास कुदमुरा में 20, कन्या छात्रावास भैसमा में 10, प्री. मेट्रिक बालक छात्रावास तुमान में 10, प्री. मेट्रिक बालक छात्रावास तिलकेजा में 20, कन्या छात्रावास तिलकेजा में 20 अतिरिक्त सीट वृद्धि की नितांत आवश्यकता है। श्री राठिया ने सीएम साय से आग्रह किया है कि उक्त हाईस्कूलों को हायर सेकेण्डरी स्कूलों में उन्नयन करने के लिए कार्यवाही किया जाए। साथ ही अतिरिक्त सीट वृद्धि को लेकर निवेदन किया, ताकि ग्रामीण तबके के बच्चों को शिक्षा से वंचित ना होना पड़े।

## गदंगी फैलाने वाले सब्जी व्यवसायियों पर लगाया गया 13 हजार रू. का अर्थदण्ड

**कोरबा ।** कोरबा शहर के बुधवारी सब्जी फल बाजार में गदंगी फैलाने, दुकानों से निकले कचरे को डस्टबिन में न रखने पर निगम की एक्शन टीम ने कार्यवाही करते हुए संबंधित सब्जी, फल व्यवसायियों पर 13 हजार रू. का अर्थदण्ड आरोपित किया, टीम ने संबंधितों को कड़ी हिदायत दी कि दुकानों में डस्टबिन रखें, दुकान से उत्सर्जित कचरा डस्टबिन में डालें, बाजार में गदंगी न फैलाएं, अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय प्रतिदिन शहर का भ्रमण कर जनसमस्याओं का जायजा लेने व उनका निराकरण करने के साथ-साथ शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रखकर शहर को साफ-सुथरा रखने, सफाई व्यवस्था में आमूल-चूल बदलाव लाने व सफाई के प्रति लोगों की आदतों में सुधार लाने का भगीरथ प्रयास कर रहे हैं। किन्तु बार-बार समझाईश दिए जाने के बावजूद कतिपय लोगों द्वारा सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में गदंगी फेकी जा रही है। इससे एक ओर जहॉं निगम के भरसक प्रयासों के बावजूद सफाई व्यवस्था बाधित हो रही है, वहीं शहर को साफ-सुथरा रखने के आयुक्त श्री पाण्डेय की कोशिशों में भी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। अभी कुछ दिन पहले अपने नियमित शहर भ्रमण की कड़ी में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ बुधवारी सब्जी बाजार का सघन रूप से निरीक्षण किया था। उन्होने वहॉं पर व्यवसाय संचालन करने वाले थोक व फुटकर सब्जी विक्रेताओं को समझाईश दी थी कि वे बाजार को स्वच्छ, साफ रखें, अपने प्रतिष्ठानों दुकानों में बड़ी साईज के डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें, उत्सर्जित कचरे को इन्हीं डस्टबिन में संग्रहित करें, बाजार में गंदगी न फैलाएं, किन्तु इसके बावजूद कतिपय सब्जी फल व्यवसायियों द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है तथा उनके द्वारा कचरे को बिखेरा जा रहा है, गंदगी फैलाई जा रही है। निगम की एक्शन टीम ने कार्यवाही करते हुए 19 विक्रेताओं पर 13000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया।

**इन पर लगाया गया अर्थदण्ड**

एक्शन टीम ने गंदगी फैलाने वाले जिन व्यवसायियों पर अर्थदण्ड लगाया, उनमें उमेश गुप्ता फल दुकान, रवि कृपलानी, बीरबल टमाटर वाला, सर्वमंगला फ्रुट, संतोष कुमार, जेठालाल एण्ड सन्स, प्रिंस सब्जी दुकान, देवेन्द्र कुमार लहरे, रमेश कुमार साहू, दीपक कुमार, शिव आलू दुकान, कर्मवीर, विक्की सोनी फल दुकान, महेश केशरवानी, सुमन्त मिश्रा भुट्टा ठेला, पूनम महेश केशरवानी, प्रदीप कुमार, मोनू निषाद, दया शुक्ला आदि फुटकर व थोक व्यवसायी शामिल है।

## छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के सदस्य सरवर ख़ान ने वक्फ संपत्तियों का निरीक्षण किया

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ राज्य वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के निर्देशानुसार बोर्ड के सदस्य फैज़ान सरवर ख़ान ने कोरबा ज़िले के प्रमुख वक़्फ़ परिसरों — जामा मस्जिद, मदरसा दारुल उलूम यतीमख़ाना एवं मस्जिद गरीब नवाज़ — का दौरा कर वक़्फ़ संपत्तियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित ओहदेदारों व दुकानदारों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें भी कीं। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कई दुकानदार समय पर किराया जमा नहीं कर रहे हैं और अधिकांश दुकानों का किराया वर्तमान बाज़ार दर के अनुसार अत्यंत कम है। फैज़ान सरवर ख़ान ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी दुकानदार समय पर किराया अदा करें, जिससे वक़्फ़ संपत्तियों की आमदनी में इज़ाफ़ा हो सके और उसे यतीमों, ग़रीबों तथा ज़रूरतमंदों के कल्याण हेतु उपयोग में लाया जा सके।विशेष रूप से, उन दुकानदारों को चिन्हित किया गया जो वर्षों से किराया नहीं दे रहे थे। ऐसे दुकानदारों से संवाद कर उन्हें आगामी एक माह में तीन किस्तों में संपूर्ण बकाया किराया अदा करने हेतु इकरारनामा भरवाया गया।इसके अलावा, जामा मस्जिद परिसर की दो दुकानों को लेकर मिली शिकायत की जांच भी की गई, जिसमें आरोप था कि मस्जिद कमेटी द्वारा ये दुकानें बेची गई हैं। जांच के दौरान संबंधित दुकानदारों ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी दुकान नहीं खरीदी है, बल्कि प्रारंभ से ही किरायेदार हैं। उन्होंने किराया रसीदें व इकरारनामा भी प्रस्तुत किया, साथ कोई भी रजिस्ट्री पेपर नहीं पाया गया, इस बैठक और निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से बिलासपुर से फैज़ान अहमद (शेबु), जामा मस्जिद इंतज़ामिया कमेटी के सदर क़ारी सैयद शब्बीर अहमद अशरफी, सेक्रेटरी हाजी अख़लाक ख़ान अशरफी, जुम्मन ख़ान रिज़वी, हकीम ख़ान, बरकत ख़ान, साबिर ख़ान, मदरसा दारुल उलूम रिज़विया के सदर हाजी अब्दुल रज्जाक मेमन, सेक्रेटरी हलीम शेख, कैशियर बरकत ख़ान, जामा मस्जिद एवं मस्जिद गरीब नवाज़ के इमाम, कमेटी के अन्य सदस्यगण एवं दुकानदार मौजूद रहे।

## ज्ञान मंदिर में आयोजित प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक पटेल

**कोरबा।** ज्ञान मंदिर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, गेवरा बस्ती बरपाली में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि भाजपा नेता विकेश झा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। अतिथियों का स्वागत बुके भेंट कर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य चेतन शर्मा ने स्वागत भाषण में अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की उपलब्धियाँ गिनाईं।कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों की रुचि आधारित और कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सके। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि लक्ष्य तय करके आगे बढ़ो, शिक्षा ही आगे बढ़ने का माध्यम है।भाजपा नेता विकेश झा ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा का सबसे बड़ा महत्व है बिना शिक्षा अर्जित के हम जीवन के किसी भी मुकाम को हासिल नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि शिक्षा से जीवन में उजियारा आता है और शिक्षा से हम समाज में अपनी पहचान स्थापित करते हैं।इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा स्कूली बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर वितरित किए गए। स्कूली टीचरों को भी डायरी और एक पेन देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकेश झा, सुखदीप सिंह, सुनीता पटले, गुरदीप सिंह, नागेंद्र सिंह, राजेश पटेल, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य चिंतामणि कौशिक, रामेश्वर सोनी, रितेश सिंह, अभिलाष यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। स्कूल के टीचर स्टाफ सरिता सिंह, केसर सारथी, निर्मलजीत कौर, धन रात्रे, मैडम सुमन, सिद्धि अरुण, शारदा रेनू, प्रियंका आदि स्टाफ मौजूद थे।

## गेवरा खदान में सीआईएसफ ने किया मेगा मॉक ड्रिल

**कोरबा ।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के गेवरा खदान के व्यू पॉइंट पर सीआईएसफ ने एसईसीएल एवं विभिन्न रेस्क्यू एजेंसी के साथ मेगा मॉक ड्रिल का संयुक्त अभ्यास किया। इस अभ्यास में सीआईएसफ के अतिरिक्त एसईसीएल प्रबंधन की रेस्क्यू टीम एवं फायर विंग, एसडीआरएफ, आपदा मित्र, जिला कोरबा फायर विंग, दीपका थाना बल, एनसीसी कैडेट्स, सीआईएसएफ एनटीपीसी कोरबा फायर विंग एवं एनसीएच हॉस्पिटल ने भाग लिया।

इस अभ्यास की थीम रही की गेवरा खदान के व्यू पॉइंट पर भूस्खलन के दौरान 5 वर्कर्स घायल हो जाते हैं। जिसमें सीआईएसएफ एवं विभिन्न रेस्क्यू एजेंसी द्वारा बचाव कार्य में अपना योगदान दिया जाता है। इस सफल आयोजन में सीआईएसएफ के वरिष्ठ कमांडेंट नागेंद्र कुमार झा, ऐ.के. त्यागी महाप्रबंधक गेवरा, मनोज विश्नोई, माहाप्रबंधक रेस्क्यू एसईसीएल आर.बी. सिंधूर, महाप्रबंधक परियोजना एवं इसके अतिरिक्त सीआईएसएफ एवं एसईसीएल प्रबंधन के अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष पद पर गोपाल अग्रवाल ने हासिल की जीत

कोरबा ।कोरबा अंचल में श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में गोपाल अग्रवाल (सीए) ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जगदीश सोनी को 74 वोटों से हराकर जीत हासिल की। मुख्य चुनाव अधिकारी नूतन सिंह ठाकुर ने बताया कि चुनाव में 280 वोट पड़े, जिसमें गोपाल अग्रवाल को 175 वोट और जगदीश सोनी को 101 वोट मिले। चार वोटों को निरस्त कर दिया गया।

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष के कार्य और वादे

नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने कहा कि वे सभी सदस्यों और निर्वाचित कार्यकारिणी के साथ मिलकर मंदिर की प्रतिष्ठा और हित में काम करेंगे। उन्होंने चुनाव के दौरान सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

### चुनाव परिणाम और आगे की योजना

चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद गोपाल अग्रवाल ने अपनी जीत के लिए आभार जताया और कहा कि वे मंदिर के विकास और सदस्यों की संतुष्टि के लिए काम करेंगे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुपूर्णिमा उत्सव मना किया गया गुरुजनों का सम्मान




**कोरबा ।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कटघोरा द्वारा 10 जुलाई गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर सम्मान समारोह एवं उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुरुजनों का शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया तथा उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। समारोह में मुख्य रूप से भाजपा मंडल कटघोरा के मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, मंडल महामंत्री समजीत सिंह एवं राम प्रसाद कोराम, वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद जायसवाल, राजेश गुप्ता, भूपेंद्र पांडे, अनुराग दुहलानी, सत्यम जयसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने कहा की गुरु हमारे जीवन के पथ प्रदर्शक हैं। उनका सम्मान करना हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। भाजपा परिवार सदैव भारतीय संस्कृति और परंपराओं को मजबूत करने के लिए ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गुरुजनों ने भी आशीर्वाद प्रदान करते हुए छात्रों और कार्यकर्ताओं को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने की प्रेरणा दी। पूरे आयोजन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और गुरुपूर्णिमा के अवसर को भव्य रूप से मनाया।

# बालको के सुपरहीरो मैदान से मशीन तक हर मोर्चे पर विजयी

**कोरबा ।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) सिर्फ़ एक औद्योगिक संस्थान नहीं, बल्कि उन सपनों की भूमि है जहां मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास से असंभव को संभव बनाया जाता है। यहां के कर्मचारी अपने कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ खेलों में भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बालको का नाम रोशन कर रहे हैं। चाहे वह मार्शल आर्ट्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले नवीन नायक हों, क्रिकेट मैदान में धमाका करने वाली ट्रांसजेंडर गीतू यादव, ऑलराउंडर नरेश कश्यप हों या फिर अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे मुकेश कुमार गुप्ता, इन सभी की कहानियां दर्शाती हैं कि बालको का हर कर्मचारी सिर्फ़ एक प्रोफेशनल ही नहीं, बल्कि जुनून, अनुशासन और प्रेरणा का प्रतीक है।

बिजनेस एनालिस्ट नवीन नायक ने बालको में अपनी पेशेवर भूमिका के साथ-साथ खेल जगत में भी अपनी पहचान बनाई है। उनकी गोल्ड मेडल जीत इस बात का प्रमाण है कि आत्म-नियंत्रण और निरंतर प्रयास से असंभव भी संभव हो जाता है। नवंबर 2024 में कोरबा स्थित एक एमएमए अकादमी से मार्शल आर्ट्स की शुरुआत करने वाले नवीन ने प्रतिदिन सुबह उठकर कराटे, ताइक्वांडो, जूडो, किकबॉक्सिंग और बॉक्सिंग का कठिन प्रशिक्षण लिया। मार्च 2025 से मजबूती के साथ ताइक्वांडो पर केंद्रित अभ्यास शुरू किया। मई और जून के महीनों में जब अधिकांश लोग छुट्टियों का आनंद ले रहे थे, तब नवीन ने दिन-रात अभ्यास किया। इस मेहनत का फल उन्हें जुलाई 2025 में मिला, जब उन्होंने छत्तीसगढ़ स्टेट ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी कड़ी मेहनत को सार्थक किया। यह जीत केवल एक पदक नहीं, बल्कि उनकी इच्छाशक्ति और अनुशासन का प्रतीक है।ऑफिस की जिम्मेदारियों और खेल की चुनौतियों के बीच संतुलन बनाकर, बालको कर्मचारी नरेश ने यह दिखा दिया कि एक सच्चा खिलाड़ी केवल मैदान में ही नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में चमकता है। नरेश कश्यप की कहानी उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो यह मानते हैं कि प्रोफेशनल सफलता और स्पोर्ट्स पैशन एक साथ नहीं चल सकते। छत्तीसगढ़ लीजेंड्स प्रीमियर लीग (सीएलपीएल) में क्रिकेट के मैदान पर अपना जादू बिखेरा। 260 रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन स्कोरर बने। आतिशी पारी के लिए मास्टर ब्लास्टर का खिताब मिला। सीजीवीसीए और छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इस टी20 टूर्नामेंट में आईपीएल की तर्ज पर प्लेयर ऑक्शन के साथ हुआ, नरेश ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा से सभी को चौंकाया। नरेश की यह प्रदर्शन सिर्फ़ आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि उनके जुनून और मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने यह दिखाया कि जुनून के साथ खेला गया हर खेल, एक मिसाल बन जाता है। उन्होंने बालको की तरफ़ से खेलते हुए अपनी कप्तानी में कई बार केएल मेहता तथा अन्य कप में जीत दिलायी है। शिवरीनारायण के छोटे से कस्बे से निकलकर, बालको कर्मचारी मुकेश कुमार गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय किया है। अब भारत के उस बॉडीबिल्डिंग टीम का हिस्सा हैं, जो नवंबर में इंडोनेशिया में वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भाग लेने जा रही है। रोजाना 8 घंटे की शिफ्ट और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद उन्होंने अपने सपने को ज़िंदा रखा। दो साल के ब्रेक के बाद उन्होंने लौह-इच्छाशक्ति के साथ वापसी की। 3 जून 2025 को पुणे के सिल्वर पैलेस में हुए ट्रायल्स में उन्होंने भारतीय टीम के लिए चयनित हुए जो नवंबर में इंडोनेशिया में होने वाली वर्ल्ड चैम्पियनशिप में हिस्सा लेगी। अपने चयन को सही साबित करते हुए 15 जून को भूटान के थिम्पू में आयोजित साउथ एशियन बॉडीबिल्डिंग चैम्पियनशिप में उन्होंने भारत के लिए रजत पदक जीता। 80 किग्रा वर्ग में यह पदक जीतने वाले मुकेश ने कहा कि उनके पास अब चार महीने हैं और वे देश के लिए एक सशक्त चुनौती के रूप में उभरने के लिए पूरी ताकत झोंक देंगे।

बालको लेडीज क्लब की सदस्य सोनाली सेनापति ने क्रिकेट मैदान पर ऐसा प्रदर्शन किया, जो लंबे समय तक याद रखा जाएगा। उर्जा कप विमेंस प्रीमियर लीग में उन्होंने मात्र 31 गेंदों में 102 रनों की विस्फोटक पारी खेली और बेस्ट बैट्सवुमन का खिताब जीता। उनकी बल्लेबाज़ी में आत्मविश्वास, ताकत और तकनीक का शानदार मिश्रण देखने को मिला, जो महिला क्रिकेट के लिए नई उम्मीद बनकर उभरा है। उनका जज़्बा इस बात का प्रतीक है कि अगर हौसला हो, तो कोई भी सीमा बड़ी नहीं होती। बालको में कार्यरत गीतू यादव और सुदिप्ता ने देश की पहली ट्रांसजेंडर क्रिकेट लीग पीपल्स यूनिटी कप में भाग लेकर इतिहास रच दिया। ओशेनिक द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट पंचकूला के ताऊ देवी लाल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। यह कप समावेशिता और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण क़दम साबित हुआ। इसमें देशभर से ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा, साहस और खेल भावना का परिचय दिया। गीतू इससे पहले बालको प्रीमियर लीग में भी बेहतरीन खेल दिखा चुकी हैं। पीपल्स यूनिटी कप सिर्फ़ एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं, बल्कि समाज में बदलाव और समावेशिता का प्रतीक बन गया है।

# सावन के पहले दिन शिवालयों में अनुष्ठान के लिए श्रद्धालुओं भीड़

**जांजगीर।** जिले के पीथमपुर स्थित बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर में सावन के महीने में हर साल विशेष पूजा होगी। मंदिर परिसर की सफाई शुरू हो गई है।

सावन की शुरुआत होते ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। लोग सुबह से मंदिर पहुंचकर भगवान शिव पर जल चढ़ाते हैं। इस साल सावन 11 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त को समाप्त होगा। पहले ही दिन अच्छा योग बन रहा है। मान्यता है कि इस योग में भगवान शिव माता पार्वती के साथ कैलाश पर्वत पर विराजते हैं। इस शुभ योग में शिवजी की पूजा और जलाभिषेक करने से सौभाग्य, सुख-समृद्धि और मनचाहा वरदान मिलता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, आषाढ़ पूर्णिमा 10 जुलाई को मनाई जाएगी।

महीनेभर होगी विशेष पूजा-अर्चना सावन मास में भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। यह महीना शिव को समर्पित होता है। इस बार सावन की शुरुआत 11 जुलाई से होगी। समापन 9 अगस्त को होगा। पूरे महीने शिवभक्त व्रत रखते हैं। विशेषकर सोमवार को शिव की आराधना का महत्व अधिक होता है। शिव पुराण में सावन के सोमवार व्रत का महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस व्रत से सभी कष्ट दूर होते हैं। मनचाही इच्छाएं पूरी होती हैं। भक्त शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, दूध और धतूरा अर्पित करते हैं। यह महीना शिवभक्तों के लिए सबसे पवित्र माना जाता है।



## आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत ग्राम बस्ती बाराद्वार निवासी मृतक स्व. श्री ऋषी कुर्रे को सर्प काटने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक की पत्नी श्रीमती शिव बाई पति स्व.ऋषी कुर्रे को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

# गांवों में सफाई का हाल जानने सर्वे शुरू, जनभागीदारी पर जोर

**जांजगीर।** जिले में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की शुरुआत हो गई है। इस बार ग्रामीणों की राय को अहमियत दी जा रही है। सर्वे टीम गांव-गांव जाकर लोगों से फीडबैक ले रही है। बुधवार को पहले दिन टीम अकलतरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसाही बाना पहुंची। यहां 16 घरों में जाकर जानकारी जुटाई। साथ ही 5 सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया। टीम ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने सभी कंपोनेंट की तस्वीरें लीं।

सफाई व्यवस्था, शौचालय की स्थिति और कचरा प्रबंधन पर लोगों से सवाल किए। टीम जिले के 20 गांवों में जाएगी। अगला सर्वे रैंडमली गांव में होगा। यह सर्वे केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है। शहरों में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण की तर्ज पर इसे तैयार किया गया है। इसका मकसद गांवों में सफाई की असल स्थिति जानना है। खुले में शौच से मुक्ति और ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की स्थिति भी जांची जा रही है। इस बार ग्रामीणों की राय को 100 अंक का विशेष महत्व दिया गया है।

लखनऊ की एजेंसी गांव-गांव करेंगी सर्वे- राज्य में सर्वेक्षण कार्य के लिए भारत सरकार ने स्वतंत्र एजेंसी एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, लखनऊ को चुना है। यह एजेंसी फील्ड सर्वे शुरू करेगी। सर्वेक्षण में ग्राम पंचायतों की स्वच्छता और साफ-सफाई का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके आधार पर ग्राम पंचायतों की रैंकिंग तय होगी। पंचायतों की



रैंकिंग से जिले और राज्य की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर तय की जाएगी।

सर्वेक्षण में 1000 अंक तय ग्रामीण स्वच्छ सर्वेक्षण इस बार नए फॉर्मेट में होगा, जिसमें कुल 1000 अंक तय किए गए हैं। चार रैंकिंग पैटर्न के आधार पर गांवों का मूल्यांकन किया जाएगा। ओडीएफ प्लस मॉडल सत्यापित गांवों के डेस्कटॉप वेरिफिकेशन और प्रमुख मानकों पर जिलों की स्व-रिपोर्टिंग को 250 अंक मिलेंगे। घरों और गांवों के मूल्यांकन, सार्वजनिक स्थानों की स्थिति के लिए 540 अंक तय किए गए हैं। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट, फीकल स्लज मैनेजमेंट, शहरी सुविधाओं से लिंक और गोवर्धन प्लांट के लिए 120 अंक मिलेंगे। मोबाइल ऐप और फील्ड सर्वे के जरिए फीडबैक डेटा संग्रह पर 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। यह सर्वेक्षण में ग्रामीणों की भागीदारी को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

## मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के संचालन के लिए संविदा पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति की शुरूआत की है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 01 स्वीकृत संविदा पद की पूर्ति हेतु आवेदन 11 अगस्त 2025 कार्यालयीन समय 05.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट https://janjgir-champa.gov.in/en/ एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

# रिश्वत लेने संबंधी वीडियो के वायरल होने के बाद तहसीलदार को किया निलंबित

**जांजगीर।** सक्ती जिले के जैजैपुर तहसीलदार एनके सिन्हा को भ्रष्टाचार और अभद्र व्यवहार के आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आयुक्त, बिलासपुर संभाग द्वारा जारी आदेश में यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा(वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत की गई है।

कलेक्टर, जिला सक्ती के अनुसार, तहसीलदार सिन्हा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वे राजस्व प्रकरण के निराकरण के एवज में लोगों से पैसों की मांग करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो के अनुसार, 24 मार्च 25 को दिलीप कुमार ने दुर्गेश सिदार के बैंक खाते में 15,000 रुपए और 26 मार्च 25 को 5,000 रुपए की ऑनलाइन ट्रांसफर की गई राशि का विवरण सामने आया है। इस लेन-देन को अनुचित लाभ की श्रेणी में माना गया है। इसके साथ ही तहसील न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई के दौरान सिन्हा द्वारा आम जनता से किए गए अभद्र व्यवहार का भी वीडियो वायरल हुआ है, जिससे प्रशासन की छवि को गहरी ठेस पहुंची। कलेक्टर सक्ती ने तहसीलदार एनके सिन्हा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, लेकिन 8 जुलाई को पेश किया गया। उनका जवाब असंतोषजनक पाया गया।आयुक्त, बिलासपुर संभाग ने इस मामले को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-03 का उल्लंघन मानते हुए इसे स्वेच्छाचारिता का प्रतीक बताया है। परिणामस्वरूप सिन्हा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय, सक्ती निर्धारित किया है। तहसीलदार एनके सिन्हा को नियमानुसार निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। यह आदेश 10 जुलाई तक प्रभावशील होगा।

## सांप के डसने से ग्रामीण की मौत, पत्नी को मिली मदद



**सक्ती।** सक्ती जिले के तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत ग्राम बस्ती बाराद्वार निवासी ऋषी कुर्रे की सर्प काटने के कारण मृत्यु हो गई थी। उनकी पत्नी शिव बाई पति ऋषि कुर्रे को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन दी है।



# कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इसमें सीईओ जिला पंचायत, ओआईसी स्वास्थ्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डीपीएम, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, सीपीएम और बीईटीओ मौजूद रहे। बैठक में मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, एनीमिया मुक्त भारत, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एनसीडी, सिकल सेल, आयुष्मान भारत और पीसीपीएनडीटी के सूचकांकों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव बढ़ाने और टीकाकरण 100 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं और 6 से 69 माह के बच्चों को सिरप, 5 से 9 वर्ष और 10 से 19 वर्ष के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड टैबलेट देने के निर्देश दिए गए। टीबी और सिकल सेल की जांच बढ़ाने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य अमले को मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए।

# समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के कार्यों पर हुई चर्चा

**सक्ती।** कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ वासू जैन, जिला शिक्षा अधिकारी विश्वास कुमार एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक व सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से एजेण्डावार चर्चा की गई जिसमे युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों द्वारा अपने कार्यभार ग्रहण कर लिया गया एवं ऐसे शिक्षक जिन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है उनके वेतन रोकने की कार्यवाही शासन के निर्देशानुसार की जा रही है। युक्तियुक्तकरण से जिले में कोई भी प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन नहीं है। सभी स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था कर दी गई है। जिले में लंबित पेंशन प्रकरण में कार्यवाही की गई व छात्रवृत्ति 2024-25 का जिले में पूर्ण रूप से भुगतान हो गया है एवं सत्र 2025-26 की भुगतान की कार्यवाही पोर्टल खुलने पर तथा सी.जी. पोर्टल में अवकाश के आवेदनों पर कार्यवाही समय-सीमा में करने की चर्चा की गई। शालाओं में चल रहे मरम्मत कार्यों में प्रगति लाने पर चर्चा की गई। जिले में सत्र 2025-26 में जाति प्रमाण पत्र का लक्ष्य 4836 रखा गया है। इसके लिये संबंधित छात्र-छात्राओं को फार्म वितरीत करने चर्चा किया गया साथ ही जिले में बोर्ड



परीक्षा परिणामो पर चर्चा की गई जिसमे हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी के परीक्षा परिणामो में गतवर्ष की अपेक्षा 2.4 प्रतिशत वृध्दि हुई है। नि: शुल्क पाठ्य पुस्तक स्कैनिंग कार्य, नि: शुल्क गणवेश वितरण व सायकल वितरण की प्रगति पर एवं अपार आई.डी. में छात्रो के पंजीयन में आने वाले समस्याओं पर चर्चा की गई। आर.टी.ई के तहत प्रथम चरण में जिले में 70 प्रतिशत सीट में प्रवेश लिया गया व द्वितीय चरण के लिए आवेदन 01 जुलाई से 12 जुलाई 2025 आमंत्रित किये जा रहे है। कलेक्टर ने जर्जर भवनों में शाला संचालन ना किये जाने एवं शालाओं में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति में वृध्दि लाने के निर्देश दिये गये। पेंशन प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने व बोर्ड परीक्षाओं में जिले में परीक्षा परिणामो में वृध्दि हेतु सत्र के शुरूआत से ही योजना बना कर कार्य करने, शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिये गये।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान: पीएम आवास योजना हितग्राहियों के घरों के सामने वृक्षारोपण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी कदम उठाते हुए जिले में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों के घरों के सामने वृक्षारोपण किया गया।



इस अवसर पर जनपद पंचायत के सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पौधे का वितरण करते हुए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणजनों की सक्रिय भागीदारी के साथ पौध रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने के साथ-साथ हितग्राहियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता का भाव विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों ने न केवल पौधारोपण किया, बल्कि उन्हें संरक्षित और सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया। कई जगहों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पंच-सरपंचों की उपस्थिति में वृक्षों को सुरक्षित किया गया और हितग्राहियों को उनकी देखरेख की जिम्मेदारी दी गई। यह पहल प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा, मोर गांव-मोर पानी और जल संरक्षण-संवर्धन जैसे कार्यक्रमों से भी जुड़ते हुए जिले को पर्यावरणीय दृष्टिकोण से एक नई दिशा दे रही है। इसके साथ ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, सार्वजनिक स्थल सहित विभिन्न स्थानों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित नागरिक जन उपस्थित थे।

# स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलखन एवं सेजेस शिवरीनारायण में 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुडवाने एवं निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से किये जा रहे नवाचारों की जानकारियों के जनहित में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर प्रयोग करने तथा लोकतंत्र में अपने सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान छात्रों को वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन तथा चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया।



## श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ 15 जुलाई को नगर पहुंचेगा, तैयारी पूरी

**सक्ती।** श्री सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव का यह वर्ष शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री सत्य साई सेवा संगठन भारत द्वारा देशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा प्रदेश में भ्रमण पर है। यह दिव्य रथ 15 जुलाई मंगलवार को सक्ती नगर पहुंचेगा।

रथ यात्रा सर्वधर्म समभाव और मानव सेवा के संदेश के साथ नगर में निकलेगी। यात्रा पूर्ण शांति के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। श्री सत्य साई सेवा समिति सक्ती के सभी सदस्य इसकी तैयारी में जुटे हैं। रथ यात्रा नारायण सागर रोड, हटरी रोड, राम मंदिर, गुरुद्वारा, गौरव पथ रोड होते हुए कचहरी चौक पहुंचेगी। वहां से नवधा चौक, शिरडी साई मंदिर होते हुए साई मंगल भवन में यात्रा का समापन होगा। इसके बाद चंद्र महाराज के समाधि स्थल पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यात्रा के दौरान सम्मान समारोह भी होगा। इसमें समाज सेवा में योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा।संगठन ने नगरवासियों से अपील की है कि 15 जुलाई को रथ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। यात्रा को सफल बनाने में विनोद खेतान, दिवाकर देवांगन, अमित शर्मा, महेंद्र प्रधान, स्वर्णिम यादव, ज्ञान देवांगन, योगेश देवांगन, संतोष छतरी, गिरधारी जायसवाल, जयकुमार देवांगन, जय नारायण देवांगन, आलोक यादव और दीपांशु देवांगन जुटे हैं।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**अकलतरा।** अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम पोड़ी दल्हा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। पर्व की शुरुआत सुबह 5 बजे प्रभात फेरी से हुई। भक्तों ने आश्रम परिसर की सफाई की और श्रमदान किया। आश्रम में ध्वजारोहण हुआ और सफलयोनि का पाठ किया गया। इस मौके पर कापालिक धर्म रक्षित राम ने कहा कि गुरु का अनुसरण करने से सारी बाधाएं दूर होती हैं। सुबह 11.30 बजे आश्रम के अध्यक्ष कापालिक धर्म रक्षित राम अपने आसन पर विराजमान हुए। इसके बाद दर्शन-पूजन का कार्यक्रम शुरू हुआ। गुरु दर्शन के लिए 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु आश्रम पहुंचे। सभी ने गुरुदर्शन का लाभ लिया। रात्रि 11 बजे तक प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चला। आयोजन में आश्रम के स्वयंसेवकों के साथ पोड़ी दल्हा हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी सहयोग किया। थाना अकलतरा और यातायात विभाग जांजगीर ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम में राघवेन्द्र कुमार सिंह, चुन्नीलाल साहू, अंबेश जांगड़े, गुलाब सिंह चंदेल, दिनेश सिंह, राजकुमार साहू, पुढेन्द्र राणा और दिवाकर सिंह राणा उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा





**जांजगीर-चांपा।** जिले में लगातार हो रही बारिश और महानदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने जिले के बाढ़ संवेदनशील इलाकों का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों का जायजा लेते हुए सभी विभागों और राहत टीमों को अलर्ट मोड में रहने और तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाढ़ राहत कार्य के लिए गठित टीमों को स्पष्ट रूप से कहा कि जैसे ही कहीं से भी सूचना मिले, वे बिना देर किए मौके पर पहुंचकर तत्काल राहत पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि अधिक वर्षा की स्थिति में जलभराव और बाढ़ के हालात पर कड़ी निगरानी रखी जाए और प्रभावित जगहों से पानी की त्वरित निकासी के इंतजाम किए जाएं। इसके साथ ही नागरिकों से अपील की है कि बाढ़ की स्थिति में टोल फ्री नंबर 07817-222032 पर सूचना दे सकते है ।

कलेक्टर ने सलखन-खरौद मार्ग पर रिंगनी-कुकदा पुल की स्थिति का जायजा लेते हुए निर्माणाधीन नवीन ब्रिज को शीघ्र पूर्ण करने के लिए ईई पीएमजीएसवाई को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए विभाग युद्धस्तर पर कार्य सुनिश्चित करे। शिवरीनारायण-गिधौरी पुल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईई जलसंसाधन और तहसीलदार से महानदी के वर्तमान और संभावित जलस्तर की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर अलर्ट सिस्टम, नाव और राहत शिविरों की सूची पहले से तैयार रहे। ईई जलसंसाधन को विभागों के साथ समन्वय कर एक्शन प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शिवरीनारायण बैराज के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैराज के गेट ऑपरेशन, जलभराव और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ईई जल संसाधन को बैराज की सुरक्षा बढ़ाने और निगरानी टीम बढ़ाने को कहा। उन्होंने गार्डन की सफाई और बैराज के आसपास वृक्षारोपण के लिए भूमि चिन्हांकन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाढ़ संवेदनशील स्थानों की मार्किंग कर वहां राहत सामग्री, नाव, मेडिकल किट और बचाव दल तैनात रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री शशांक सिंह सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शबरी पुल पर फंसे वाहन, कई घंटे बनी रही जाम की स्थिति





**शिवरीनारायण।** P W D की लापरवाही का खामियाजा आमजन और वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। शिवरीनारायण-गीधौरी मार्ग में जगह-जगह बने गड्ढों के कारण बीच सड़क पर भारी वाहन फंस जा रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि शबरी पुल से लेकर केरा मार्ग तक सैकड़ों वाहनों की कतारें लग गई हैं।

**सड़क पर गड्ढे, ट्रैफिक बेहाल**

लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत नहीं किए जाने से सड़क की हालत बद से बदतर हो गई है। गहरे गड्ढों की वजह से बड़ी गाड़ियां बीच रास्ते में फंस रही हैं, जिससे दोनों ओर से ट्रैफिक ठप हो रहा है।

**पुलिस कर रही व्यवस्था सुधारने की कोशिश**

शिवरीनारायण पुलिस मौके पर मौजूद है और ट्रैफिक को सामान्य करने की कोशिशों में जुटी है, लेकिन वाहनों की भारी संख्या और खराब सड़कें चुनौती बनी हुई हैं।

**स्थानीयों ने उठाई मरम्मत की मांग**

ग्रामीणों और वाहन चालकों ने लोक निर्माण विभाग से शीघ्र सड़क मरम्मत की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## अनमोल वचन......

**पैसे वाले का जमाना है साहब लोगों से वफादारी की उम्मीद मत रखा करो।**

## पुरानी गाड़ियों पर पेट्रोल-डीजल प्रतिबंध

*दिल्ली में कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हो गई। इस अभियान के तहत।5 साले से ज्यादा पुराने पेट्रोल-चालित वाहनों और 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल-चालित वाहनों को पेट्रोल पंपों से ईंधन नहीं लेने दिया जाएगा। अभियान में जुटी यातायात एवं परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम की संयुक्त टीमों ने पहले दिन की कार्रवाई में 25 ईओएल (समय-सीमा पूरी कर चुके वाहन) जब्त किए। पेट्रोल पंपों को ऐसे वाहनों को ईंधन न देने को निर्देशित किया गया है, और दिल्ली में 350 से ज्यादा पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे (एएनपीआर) लगाए गए हैं। वायु गुणवत्ता आयोग ने भी पेट्रोल पंप कर्मचारियों को सतर्क कर दिया था।*

*दरअसल, काफी पहले नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल (एनजीटी) नियत अवधि से ज्यादा पुराने हो चुके वाहनों को दिल्ली में चलने से रोकने के आदेश पारित कर चुका है। आदेश की अनुपालना में समय-समय पर सख्ती भी की गई लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पा रहे थे। डंप किए गए पुराने वाहनों, जिन्हें सार्वजनिक जगहों पर पार्क किया गया था, को जब्त भी किया गया लेकिन ऐसे वाहनों के मालिकों में किसी तरह का कोई डर या कानून की अनुपालना की ललक नहीं दिखलाई दी। लेकिन वाहनों से होने वाले प्रदूषण के नुकसान को देखते हुए जरूरी बन पड़ा था कि सख्ती से पुराने वाहनों को सड़क से हटवाया जाए। इस काम में अब तकनीक बड़ी मददगार साबित हो रही है। पुराने वाहनों की पहचान के लिए जो कैमरे पेट्रोल पंपों पर लगाए गए हैं, वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संचालित हैं।*

*उनमें स्वचालित हूटर सिस्टम भी लगाया गया है। प्रतिबंधित वाहन के पेट्रोल पंप पर पहुंचते ही कैमरे तुरंत उसका पता लगा लेते हैं, और अभियान में जुटे कर्मियों को सचेत करने के लिए हूटर बजा देते हैं। कार्रवाई के बाद कई वाहन चालक अपने वाहन के बिना ही घर जाने को मजबूर हो गए। बेशक, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के साथ ही उद्योग आदि पर सख्ती की दरकार है। लेकिन यह भी जरूरी है कि नये वाहन खरीदने के लिए आवधिक ऋण जैसी सहूलियतों की शत्रे आसान की जाएं ताकि यह अभियान नागरिक-विरोधी करार न दिया जा सके।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आपका दिन आज अच्छा बीतेगा। आपका वैवाहिक जीवन सुनहरा रहेगा। आज आपको घूमने - फिरने और खुद पर खर्च करने में काफी अच्छा महसूस होगा। व्यवसाय के विस्तार में सफलता मिलेगी और रोजगार संबंधित कोई अतिरिक्त योजना बना रहे हैं, तो उसमें आपको सभी का सहयोग मिलने के योग हैं।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़ा उलझन में रह सकते है, लेकिन जल्द ही सब ठीक होगा। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छायें जागृत होंगी और आज आपको किसी अपने से धन की प्राप्ति होगी। आज आप अपना पैसा किसी धार्मिक काम में लगाएंगे तो आपको पारिवारिक खुशी मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज आपकी हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं, उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आप काम की [ ।लिटी को और बेहतर बनाने में ध्यान दें।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन राहतपूर्ण रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि वाले कवियों के लिए आज का दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज आपको अपनी प्रतिभाओं के लिए पुरस्कार भी मिल सकते हैं। आज आप अपने जीवन साथी से मन की बात कर उन्हें कहीं घुमाने ले जा सकते है। इस राशि के कारोबारियों के लिए आज का दिन लाभप्रद रहेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन ठीक - ठाक रहेगा। करियर के मामले में आप अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां लेंगे। आपको शारीरिक थकान का अहसास हो सकता है। आज आप जिससे भी बात करेंगे, उसे अपनी राय से सहमत कर देंगे। किसी खास मामले को लेकर आपकी सोच बदल सकती है।

**कन्या राशिः** दिन आज व्यस्तता में बीतेगा। आज आपके करीबी आपको अचानक से गिफ्ट देकर उनको आश्चर्य चकित कर सकते हैं। आज आप अपने बच्चों के साथ समय व्यतीत कर सकते हैं। इस राशि के लोग आज बिजनेस में सोच - समझकर कर फैसला लें, इससे आपको सफलता की प्राप्ति होगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। अगर आप नई योजनायें शुरू करना चाह रहें है तो उसको ज्यादा लम्बे समय तक न टालें। आज आप जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपने सहकर्मियों का पूर्ण योगदान प्राप्त होगा। आज आप पास आये नए मौकों को हांथ से न जाने दें। आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है। अधिकारियों और सम्मानित लोगों से संबंध रखना आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपको अच्छे आर्डर मिल सकते हैं।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया लाभ मिलेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा। आपके द्वारा की गई मेहनत के परिणाम भी बेहतर मिलेंगे। इस राशि के सरकारी सेवारत लोगों को कोई खास कार्यभार संभालना पड़ सकता है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे एवं आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें और अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कार्यस्थल पर शांति भरा माहौल रहेगा। आज कुछ समय परिवार के साथ बिताने पर कुछ बातें पता चल सकती हैं।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है। इसलिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें।

**मीन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

# रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाः नौकरियों, आर्थिक विकास और औपचारिकीकरण की एक उत्प्रेरक

//सुश्री ज्योति विज//

**अब जबकि दुनिया स्वचालन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, भारत सरकार ने हाल ही में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को स्वीकृति दी है। यह एक बेहद ही सामयिक और सोचा-समझा कदम है। लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाली यह योजना भारत के उभरते रोजगार परिदृश्य, विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, में एक साहसिक नीतिगत हस्तक्षेप है। अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार की गई यह ईएलआई योजना महज एक आर्थिक उपाय भर नहीं है - यह भारत की श्रमशक्ति के भविष्य में एक ऐसा रणनीतिक निवेश है, जो सीधे तौर पर सरकार के विकसित भारत 2047 के विजन का समर्थन करता है।**

कई अन्य ऐसे देशों के उलट, जहां आबादी शीघ्र ही घटने लगेगी या घट चुकी है, भारत में अभी भी कार्यशील आयु वर्ग की एक ऐसी बड़ी आबादी है, जिसे रोजगार के अधिक अवसरों की जरूरत है। ईएलआई योजना का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों के बीच ही नहीं बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से अनौपचारिक कार्य एवं औपचारिक रोजगार के बीच की खाई को पाटना है।

रोजगार संबंधी तात्कालिक नतीजों से परे जाकर, इस बात पर गौर करना महत्वपूर्ण है कि ईएलआई योजना विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में भारत की प्रगति को मजबूत करती है। खासतौर पर, औपचारिक व दीर्घकालिक रोजगार को प्रोत्साहित करके एसडीजी 8 (सभ्य कार्य तथा आर्थिक विकास) और कम वेतन पाने वालों एवं पहली बार नौकरी चाहने वालों को लक्षित वित्तीय सहायता प्रदान करके एसडीजी 1 (गरीबी उन्मूलन) तथा एसडीजी 10 (असमानताओं में कमी) के संदर्भ में। आधार-समर्थ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली (डीबीटी सिस्टम) के जरिए ईपीएफओ पंजीकरण एवं संवितरण के साथ इस योजना का जुड़ाव न केवल रोजगार सृजन बल्कि सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार भी सुनिश्चित करता है, जोकि एक न्यायसंगत और समावेशी अर्थव्यवस्था के निर्माण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। भारत द्वारा किए गए ऐसे प्रयासों को मान्यता देते हुए, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने हाल ही में भारत की इस उपलब्धि को स्वीकार किया और आधिकारिक तौर पर अपने डैशबोर्ड पर इस तथ्य को प्रकाशित किया कि भारत की 64.3 प्रतिशत आबादी (2015 में 19 प्रतिशत की तुलना में), यानी 94 करोड़ से अधिक लोग अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में हैं। मैन्यूफैक्चरिंग पर जोर खासतौर पर स्वागत योग्य है। जैसे-जैसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं नए सिरे से बदल रही हैं, भारत भी कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता वस्तुओं और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक रोजगार सृजन का समर्थन करके, ईएलआई योजना पीएलआई योजनाओं, 'मेक इन इंडिया' तथा 'स्किल इंडिया' जैसी मौजूदा पहलों का पूरक बनने के साथ-साथ शहरी व अर्द्ध-शहरी, दोनों समूहों में औद्योगिक विकास को गति देगी।अक्सर लागत संबंधी चिंताओं के कारण औपचारिक भर्ती को बढ़ाने में बाधाओं का सामना करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को यह योजना महत्वपूर्ण राहत प्रदान करती है। नियोक्ता-पक्ष के प्रोत्साहन नई भर्ती की सीमांत लागत को कम करते हैं। इससे विस्तार, औपचारिकीकरण और श्रमशक्ति के उन्नयन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है।

वैश्विक स्तर पर, वेतन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं रोजगार को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुई हैं। जर्मनी जैसे देश अप्रेंटिसशिप और दीर्घकालिक भर्ती के लिए नियोक्ता सब्सिडी प्रदान करते हैं। दक्षिण कोरिया युवा एवं वृद्ध श्रमिकों के नियोक्ताओं को लक्षित वेतन सहायता प्रदान करता है। सिंगापुर कौशल के उन्नयन (अपस्किलिंग) और रोजगार को कायम रखने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्य अवसर कर क्रेडिट (डब्ल्यूओटीसी) की व्यवस्था है, जो वंचित समूहों के व्यक्तियों की भर्ती करने वाले नियोक्ताओं को पुरस्कृत करता है। भारत की ईएलआई योजना हमारे विशाल अनौपचारिक श्रम बाजार, जनसांख्यिकीय लाभांश और डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार जैसी स्थानीय जरूरतों के अनुरूप वैश्विक स्तर की सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का समावेश करती है। ईएलआई योजना भारत की रोजगार नीति की परिपक्वता - अल्पकालिक राहत से हटकर दीर्घकालिक श्रम बाजार के विकास की दिशा में बदलाव - को दर्शाती है। ढलती उम्र वाली आबादी के साथ-साथ डिजिटल और हरित बदलावों जैसे व्यापक वैश्विक रुझानों की पृष्ठभूमि में, ऐसी कारगर नीतियां अधिक संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सुलभ कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। फिक्की में, हम अपने सदस्यों से इस योजना का सदुपयोग करने हेतु आगे आने का आग्रह करते हैं। नियोक्ताओं- खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से जुड़े- को इसे वित्तीय लाभ से कहीं आगे बढ़कर देखना चाहिए। यह योजना परिचालन को बढ़ाने, युवा प्रतिभाओं का दोहन करने, वेतन भुगतान प्रणाली (पेरोल) का औपचारिकीकरण करने और स्थायी आर्थिक मूल्य सृजित करने का एक उपकरण है। उद्योग जगत के एक शीर्ष चैंबर के रूप में, फिक्की इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मतदाता सूची में सुधार करने को लेकर विवाद क्यों हो रहा है

//अजय दीक्षित//

**चुनाव आयोग ने बिहार सहित सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों में सुधार के लिए कुछ नियम कायदे कानून बनाए हैं और इन सुधारों को लेकर बिहार में राजद के नेता तेजस्वी यादव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी बिहार में कुछ विशेष संप्रदाय के मतदाताओं को मतदान से वंचित करना चाहती है और उन्होंने इस प्रक्रिया के चुनाव से ठीक पहले करने पर आपत्ति जताई है। 9 जुलाई को पटना में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने इस संबंध में प्रदर्शन कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र की तरह चुनाव में हेराफेरी करना चाहती है।दूसरी ओर कुछ व्यक्तियों ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि इस प्रक्रिया पर रोक लगाएं। सर्वोच्च न्यायालय 10 अगस्त को सुनवाई करेगा।**

भारत के संविधान के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की अनुच्छेद 243 (क) के तहत ईसीआई यानि मुख्य चुनाव आयोग मतदाता सूचियों का राज्य बार समय समय पर प्रकाशित करता है। भारत का प्रत्येक नागरिक 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर मतदाता सूची में एक स्थान पर अपने मत का किसी भी चुनाव में भाग ले सकता है।

मतदाता सूचियों के गठन की प्रणाली आजादी के बाद 1951 से लागू है और प्रथम चुनाव 1952 में लोकसभा और विधानसभा के एक साथ कराए गए। आरंभ में मतदाता के लिए आयु 21 वर्ष थी जो 1986 में 18 वर्ष करदी गई। जैसे जैसे समय बीता तो कुछ विसंगति भी नजर आई जैसे अनाधिकृत तरीके से कुछ राज्यों घुसपैठियों भी मतदाता सूची में शामिल हो गए। इन लोगों ने राशनकार्ड बनवाकर अपने आप को मतदाता सूची में शामिल कर बा लिया । जिन राज्यों इस प्रकार की घुसपैठ हुई उनमें पश्चिमी बंगाल,बिहार,उत्तर प्रदेश,असम, नागालैंड त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, प्रमुख रूप से शामिल हैं।इन राज्यों में बांग्लादेश के चकमा शरणार्थी, घुसपैठियों की संख्या अधिक थी।

सबसे पहले अटलजी की सरकार में गृह मंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी ने इसे संज्ञान में लिया। लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया। और एनआरसी बनाने की घोषणा की इतना ही नहीं पहले आधार को पैन कार्ड से लिंक कराया उसके बाद वोटर आईडी को आधार से लिंक करने का काम चल रहा है।चुनाव आयोग ने

वर्तमान में बिहार में मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों को रोकने के लिए आवश्यक कर दिया है कि मतदाता को यह साबित करना पड़ेगा कि वह भारत का निवासी है फिर चाहे वह किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का हो । इसके लिए मतदाता को अपने पिता का जन्म प्रमाणित करना पड़ेगा । बस यही से विवाद शुरू हुआ है। बिहार, पश्चिमी बंगाल, असम, और,सातों पूर्वोत्तर राज्यों में लाखों लोगों ने जाली राशनकार्ड, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, बनवा लिया है। उनमें से अधिकाक मुस्लिम है जो बांग्लादेश,म्यांमार,से आए हैं। पश्चिमी बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार, तुड़मूल कांग्रेस, राजद, समाजवादी पार्टी ने इन लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया है। उसी कार्ड से ये लोग वोटर बन गए हैं। केंद्र में जब तक कांग्रेस सरकार रही उसने इन मुद्दों को महत्व नहीं दिया लेकिन चुनाव आयोग समय समय पर संज्ञान में लाता रहा था। टी एन शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे तब उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव से बकायदा पत्र लिख कर सूचित किया था कि पश्चिमी बंगाल की मतदाता सूचियों का परीक्षण कराया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मतदाता सूचियों का प्रचलन बहुत प्राचीन है और समय समय पर इस प्रक्रिया में सुधार किया गया है। दुनियां की पहली मतदाताओं सूची का उल्लेख 1241 में ब्रिटेन में मिलता है तत्कालीन समय में किसी मुद्दे पर राय लेने के लिए एक सूची थी । लेकिन 1761 में अमेरिका में बकायका चुनाव के लिए मतदाता सूची बनी ।उससे पहले मत व्यक्त करने के लिए पहले कान में कहना बाद में ध्वनि मत का ईजाद किया गया था।फिर एक हस्त लिखित पर्ची की प्रथा चली उसके बाद रेफरेंडम बना ।

स्विटजरलैंड में सबसे पहले नागरिकों के घर पोस्ट से मतपत्र भेजने का भी प्रचलन था। मॉडर्न डेमोक्रेसी अमेरिका से आई।अब पूरे संसार में लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूचियों है । किन्हीं राष्ट्रों में तो एनआरसी से स्वचालित मतदाता सूचियों का उपयोग किया जाता है।18 वर्ष पूरी होने पर स्वचालित रूप से मतदाता बनता है। जन्म विवाह, मृत्य पंजीकरण से मतदाता का स्थान तय किया जाता है। भारत में ईवीएम से मतदान होता है लेकिन मतदाता सूचियों का निर्धारण प्रक्रिया जटिल व कठिन है।चुनाव आयोग सरलीकरण और कंप्यूटर जनित मतदाता सूचियों को ऑनलाइन करने के रास्ते में है । विपक्ष का तर्क भी सही है कि चुनाव के मौके पर इस तरह के प्रक्रिया करना आपत्तिजनक है। लेकिन यह फैसला चुनाव आयोग का है न कि केंद्रीय सरकार का । और भारत में चुनाव आयोग अब तो काफी शक्तिशाली है। यहां तक कि मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दो अन्य चुनाव आयुक्त हैं। किसी जमाने में चुनाव आयोग, मतदाता सूचियों, मतपत्र छापने,चुनाव से जुड़े कर्मचारियों, अधिकारियों को साज सामान, देने तक सीमित था लेकिन टी एन शेषन ने चुनाव आयोग की शक्तियों का परिचय करवाया।

# क्या बिहार विधानसभा चुनावों में जनस्वराज पार्टी का उदय होगा

//अजय दीक्षित//

बिहार विधानसभा चुनावों की रणभेरी बज चुकी है और राजग , राजद के बीच प्रशांत किशोर की जन स्वराज पार्टी भी अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही है। चुनाव विशेषज और सोफेजोलिस्ट प्रशांत किशोर नीतीश कुमार के विकल्प बनने की कोशिश में हैं।यद्यपि भारतीय जनता पार्टी ने घोषणा की है कि नीतीश ही मुख्यमंत्री होंगे। उल्लेखनीय है कि 243 सदस्यी बिहार विधानसभा चुनाव आगामी अक्टूबर 2025 में होंगे ।भारत पूर्ववर्ती राज्य बिहार में वर्तमान में राजग की सरकार है और जेडीयू नेता नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं। नीतीश कुमार विगत 20 वर्ष से मुख्यमंत्री हैं। यद्यपि 2017 के चुनावों में वे भारतीय जनता पार्टी के साथ ही चुनाव लड़े थे लेकिन कुछ महीने आरजेडी के साथ भी सरकार चला कर लौट कर फिर एनडीए में आ गए और लोकसभा 2024 का चुनाव भारतीय जनता पार्टी के साथ लड़ा और 12 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की।

इस लिए नीतीश कुमार की राजनीति कोई भांप नहीं सकता है। अलबत्ता अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इतने हैं कि वफ़ संशोधन विधेयक पर भी समर्थन दिया । लेकिन अब थक गए हैं। बिहार विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय नेताओं का बोलबाला है। लालू प्रसाद यादव के पुत्र तेजस्वी यादव राजेडी की कमान संभाल रहे हैं उनका कांग्रेस के साथ गठबन्धन है। लेकिन कांग्रेस बिहार में उत्तर प्रदेश की राह पर चल रही है और उसका वजूद खतरे में है। भारतीय जनता पार्टी बिहार की सबसे बड़ी पार्टी है लेकिन नेता विहीन है।पूरी तरह दिल्ली पर निर्भर है। हालांकि अगड़ी जातियों ब्राह्मण, क्षत्रिय, राजपूत, बनिया, और कुछ अनुसूचित जाति में अच्छी खासी पकड़ है। लेकिन नीतीश कुमार के जेडीयू की कोली,पासी,निषाद और कुछ हद तक गैर यादव पिछड़े वर्ग में पकड़ है। कुछ स्थानों पर लोक जन शक्ति की पकड़ है। ऐसे मिलाकर एनडीए खड़ा है। राजद की यादव मुस्लिम में पकड़ बेमिसाल है। बिहार में 18 फीसदी मुस्लिम है।

इन दोनों गठबन्धन के बीच जन स्वराज के प्रशांत किशोर भी पूरे बिहार में घूम घूम कर पढ़े लिखे लोगों में यह कह रहे हैं कि 77 वर्ष में बिहार पूरे देश का मजदूर बन कर रह गया है। झारखंड अलग होने के बाद बिहार में फंड्स का टोटा है।

नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव के कुनबे का खौंफ कम किया है। राजेडी के तेजस्वी यादव का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग को उतर कर जाने का आदेश दिया है कि वह ऐसे मतदाताओं को मतदान में भाग न लेने दे जो राजेडी को वोट कर सकते हैं। उन्होंने कहा है कि दो महीने पहले मतदाता सूची को रिवाइज करना गलत है।

बिहार की भौगौलिक स्थिति ऐसी है कि बरसात में कोसी नदी,का पानी आधे बिहार को डूबा देता है। लोग आजन्म इस त्रासदी को भुगतते है। यद्यपि पटना, बेगुसराय, सीतामढ़ी, दरभंगा,आदि में विकास कार्य किया गया है।

प्रधानमंत्री सड़क परियोजना में अभी बिहार 1000 की आबादी पर अटका है जबकि महाराष्ट्र, गोवा, असम, मप्र, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, परियोजना खत्म कर चुके हैं बल्कि वे उन्नयन के लिए भी पैसा मांग रहे हैं। जलजीवन मिशन का भी यही हाल है। यद्यपि केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने बिहार को 75000 हजार करोड़ रुपए के हाइवे बन बाएं है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विशेष पैकेज दिया है। लेकिन बिहार में सबसे प्रमुख हैं जातीय जनगणना का मामला ।2027 तक जनगणना पूरी होगी ।

## तस्वीरों की दुनिया



तीर्थयात्री जम्मू और कश्मीर के गंदेरबल जिले में बालटाल आधार शिविर से अमरनाथ की पवित्र गुफा की ओर अपनी यात्रा पर आगे बढ़ते हुए ।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर प्रथम वार्षिक शैक्षणिक सम्मेलन को संबोधित किया।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का होटल रेडिसन ब्लू में स्वागत किया।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन से मिलने रांची पहुंचे।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा के राजगीर में सालेपुर मोड़ जंक्शन के पास करौरा तेलमर सालेपुर राजगीर फोर-लेन सड़क के चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने बेंगलुरु में वीटीयू वीआरआईएफ दूरसंचार उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया।




गुजरात के वडोदरा के पादरा क्षेत्र में महिसागर नदी पर ढहे गंभीरा पुल पर बचाव कार्य जारी है। कथित तौर पर इस घटना में 15 लोगों की मौत हो गई।

# वयस्कों के लिए आधार कार्ड बनवाना नहीं रहेगा आसान
## यूआईडीएआई अब पासपोर्ट, पैन और राशन कार्ड डाटा का करेगा उपयोग

**नईदिल्ली, 11 जुलाई [एजेंसी]।**

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वहां मतदाता सूची को अपडेट करने का काम चल रहा है। इस मुद्दे पर विपक्ष और सरकार आमने सामने हैं, वहीं विपक्ष इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में ले गया है। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने यह कहा है कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं है बल्कि पहचान के प्रमाण के रूप में माना गया है। इस तरह के मुद्दे पहले भी सामने आ चुके हैं। वहीं, अब भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) आधार नियमों को कड़ा करने जा रहा है।भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) भविष्य में वयस्कों के नामांकन और आधार को विश्वसनीय बनाए रखने के लिए अपडेट के लिए पासपोर्ट, राशन कार्ड, जन्म और मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्रों के ऑनलाइन डेटाबेस का उपयोग करने जा रहा है।आधार अधिनियम की धारा 9 में कहा गया है कि यह नागरिकता या निवास का प्रमाण नहीं है, लेकिन नए उपाय



यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि केवल नागरिक ही विशिष्ट संख्या प्राप्त करें। पिछले 15 वर्षों में, 140 करोड़ से अधिक आधार बनाए गए हैं, जिनमें मृत लोगों के आधार भी शामिल हैं, और लगभग वयस्कों की संख्या ही अधिक है। अब शिशुओं को भी जन्म के तुरंत बाद आधार मिल रहा है, इसलिए सरकार ने नए वयस्क पंजीकरण के मानदंडों को कड़ा करने का निर्णय लिया है।

पिछले कुछ वर्षों से, जाली या फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवैध प्रवासियों द्वारा विशिष्ट पहचान पत्र प्राप्त करने के प्रयासों को विफल करने के लिए, राज्यों पर पहचान पत्रों के सत्यापन की जिम्मेदारी रही है और आधार केवल राज्य पोर्टल के माध्यम से कड़ी जांच के बाद ही जारी किया जाता है।अतीत में, अवैध प्रवासियों द्वारा आधार प्राप्त करने और फिर उसका उपयोग अन्य पहचान पत्रों सहित अन्य उद्देश्यों के लिए करने को लेकर चिंताएं सामने आई हैं।

# आज रिलीज नहीं होगी उदयपुर फाइल्स, हाई कोर्ट ने लगाई रोक, सिब्बल ने समुदाय को लेकर दिया बयान




**नईदिल्ली, 11 जुलाई [एजेंसी]।**

उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्स शुक्रवार को रिलीज नहीं होगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा फिल्म को दिए गए प्रमाणन के विरुद्ध जमीअत उलेमा-ए-हिंद की तरफ से दायर पुनरीक्षण आवेदन पर केंद्र सरकार द्वारा अंतरिम राहत पर निर्णय लेने तक फिल्म की रिलीज पर रोक जारी रहेगी।हालांकि, मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने अपने रिट अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने से इनकार कर दिया।फिल्म की रिलीज के खिलाफ जमीअत उलेमा-ए-हिंद द्वारा दायर याचिका पर दो चरणों में करीब चार घंटे से अधिक समय तक सुनवाई हुई। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को पहले सिनेमैटोग्राफ अधिनियम की धारा-छह के तहत पुनर्विचार के लिए अपने वैधानिक उपाय का उपयोग करना चाहिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को दो दिन के भीतर अधिनियम की धारा-छह के तहत पुनरीक्षण शक्तियों का प्रयोग करने की अनुमति दी है। कोई तीसरा पक्ष भी धारा-छह के तहत पुनरीक्षण शक्तियों का प्रयोग कर सकता है। धारा-छह केंद्र सरकार को फिल्म को अप्रमाणित घोषित करने या फिल्म के प्रदर्शन पर रोक जैसे अंतरिम उपाय प्रदान करने के लिए पर्याप्त शक्तियां प्रदान करता है। सुनवाई के दौरान याची की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि इस फिल्म में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य की समलैंगिकता और यौन विकृति दिखाने वाले दृश्य हैं।उन्होंने कहा कि मैंने फिल्म देखी है और पूरी फिल्म समुदाय के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भले याचिका खारिज की जाए, लेकिन अदालत फिल्म देखे और निर्णय करे।

वहीं, दूसरी तरफ सेंसर बोर्ड व केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए एएसजी चेतन शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा फिल्म प्रमाणन के लिए की गई प्रार्थना पर विचार करने के बाद निर्माता को 55 कट करने करने संबंधी संशोधन करने का आदेश दिया गया था।हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसा नहीं है कि इस न्यायालय के लिए असाधारण अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करना अनुचित है, लेकिन मामले के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए उसका मत है कि याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार से संपर्क करना चाहिए था। अदालत ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता द्वारा पुनरीक्षण याचिका दायर करने पर सरकार एक सप्ताह के भीतर विचार कर निर्णय लेगी।

# हाई कोर्ट को भरोसा देकर पुलों की देखभाल करना भूल गई गुजरात सरकार, स्थानीय लोगों ने चेताया लेकिन नहीं खुली आंख



**अहमदाबाद।** मोरबी झूलता पुल हादसे के बाद गुजरात सरकार ने हाई कोर्ट के समक्ष राज्य में उपयोग में लिए जा रहे पुलों के रखरखाव को लेकर जो बातें कही थीं, यदि उनका पालन किया जाता तो गंभीरा पुल हादसे को टाला जा सकता था। वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के ठीक पहले मोरबी में मच्छु नदी पर बने झूलता पुल के टूटने से 144 लोगों की जान गई थी। इस हादसे के बाद सरकार ने एक परिपत्र जारी कर राज्य के सभी 1554 पुलों की देखरेख, स्ट्रक्चर के ऑडिट, निरीक्षण मरम्मत को लेकर एक पालिसी की घोषणा की थी। सरकार ने हाई कोर्ट को भी राज्य के सभी छोटे-बड़े पुलों की जानकारी देते हुए भरोसा दिलाया था कि उनका नियमित निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे लेकिन समय के साथ सरकार खुद इस बात को भूल गई।

गंभीरा पुल की बात की जाए तो अगस्त 2022 से इस पुल को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता थी। मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर टोल बचाने के लिए बड़ी संख्या में भारी वाहन, टैंकर व ट्राले भी इस पुल से होकर गुजरने लगे थे।मुख्यमंत्री व जिला कलक्टर को शिकायत करने वाले जिला पंचायत सदस्य हर्षद सिंह परमार बताते हैं कि ट्रक व भारी वाहनों के गुजरते वक्त पुल के स्तंभों में कंपन होता था। रोड एंड बिल्डिंग विभाग की जांच में यह कंपन पुल के लिए खतरनाक बताया गया था, लेकिन पुल की सुरक्षा एवं मरम्मत के नाम पर महज लीपापोती कर उसे रामभरोसे छोड़ दिया गया।

# भारत रूस से तेल नहीं खरीदता तो प्रति बैरल 130 डॉलर तक पहुंच जाते दाम, हरदीप पुरी बोले- हमने पूरी दुनिया को बचाया

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि भारत की रूस से कच्चे तेल की निरंतर खरीद ने वैश्विक ऊर्जा कीमतों को स्थिर करने में मदद की है। रूस से तेल व्यापार रोकने पर कच्चे तेल की कीमतें 120-130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जातीं।जब एक प्रेस वार्ता के दौरान रूस के तेल खरीदने के बारे में पूछा गया तो मंत्री पुरी ने स्पष्ट किया कि रूस प्रतिदिन नौ मिलियन बैरल से अधिक कच्चा तेल उत्पादन करता है और यह दुनिया के सबसे बड़े कच्चे तेल उत्पादकों में से एक है। उन्होंने कहा कि हमने पूरी दुनिया को महंगाई की मार बचाया। उन्होंने कहा- यदि वैश्विक तेल आपूर्ति में से लगभग 97 मिलियन बैरल में से नौ मिलियन बैरल अचानक गायब हो जाते तो पूरी दुनिया को खपत में 10 प्रतिशत से अधिक की कमी करनी पड़ती, जो असंभव है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के बाद अमेरिका और पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत ने अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए रूस से तेल खरीदना जारी रखा। पुरी ने कहा कि रूस का तेल कभी भी वैश्विक प्रतिबंधों के अधीन नहीं था और भारत ने मूल्य सीमा के तहत छूट पर तेल खरीदकर वैश्विक बाजारों को स्थिरता प्रदान की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ऊर्जा नीति की सराहना की, जिसमें ऊर्जा की उपलब्धता और सस्ती कीमतों को प्राथमिकता दी गई है।

# दुनिया में बजा भारत के PI पेमेंट सर्विस का डंका, IMF भी हुआ मुरीद; तारीफ में कही यह बात



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि यूपीआई के तेजी से विकास से भारत के लोग अब किसी भी अन्य देश की तुलना में तेज भुगतान करते हैं और डेबिट और क्रेडिट कार्ड सहित अन्य साधनों का कम उपयोग कर रहे हैं। यूपीआई एक त्वरित भुगतान प्रणाली है, जिसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से अंतर-बैंक लेनदेन की सुविधा के लिए विकसित किया गया है। आईएमएफ के फिनटेक लेख बढ़ते खुदरा डिजिटल भुगतान। इंटरऑपरेबिलिटी का मूल्य में कहा गया है कि 2016 में पेश होने के बाद से यूपीआई का तेज़ी से विकास हुआ है, जबकि नकदी के उपयोग के लिए कुछ खंडों में गिरावट शुरू हो गई है। लेख में कहा गया कि साल 2016 में पेश होने के बाद से यूपीआई तेजी से बढ़ा है, जबकि नकदी के उपयोग में गिरावट शुरू हो गई है। यूपीआइ अब प्रति माह 18 अरब से ज्यादा लेनदेन को सक्षम बनाता है और भारत में अन्य इलेक्ट्रानिक खुदरा भुगतानों में अग्रणी है। फिनटेक नोट्स आइएमएफ के सदस्यों की ओर से नीति-निर्माताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यावहारिक सलाह प्रदान करते हैं।



# अंतरिक्ष से धरती पर 14 जुलाई को लौटेंगे शुभांशु शुक्ला, नासा ने किया ऐलान

**नईदिल्ली, 11 जुलाई [एजेंसी]।**

नासा ने बताया कि अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य सदस्य 14 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से धरती के लिए रवाना होंगे। नासा के वाणिज्यिक यात्रा कार्यक्रम के प्रबंधक स्टीव स्टिच ने बताया कि हम वापसी पर काम कर रहे हैं और एक्सिओम-4 की प्रगति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। मुझे लगता है कि हमें इस मिशन को अनडॉक करना होगा। अनडॉक करने की वर्तमान तारीख 14 जुलाई है। देश-विदेश पेज के लिए।-अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस परअपना अंतिम अवकाश दिवस बिताया अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और उनके एक्सिओम-4 दल ने दो सप्ताह की अवधि में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 230 सूर्योदय देखे हैं और लगभग एक करोड़ किलोमीटर की यात्रा की है। शुभांशु शुक्ला, पैगी व्हिटसन, स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीवस्की और टिबोर कापू सहित एक्सिओम-4 के चालक दल ने गुरुवार को आईएसएस पर अपना अंतिम अवकाश दिवस बिताया।

एक्सिओम स्पेस ने एक बयान में कहा कि पृथ्वी से लगभग 250 मील दूर चालक दल ने अपना खाली समय तस्वीरें लेने और वीडियो बनाने, हमारे ग्रह का नजारा देखने और प्रियजनों से फिर से जुड़ने में बिताया। इससे उन्हें अपने दैनिक प्रयोगों से कुछ विराम मिला। एक्सिओम-4 के अंतरिक्ष यात्रियों ने जैव चिकित्सा विज्ञान, तंत्रिका विज्ञान, कृषि और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में 60 से अधिक प्रयोग किए हैं।

# कपास संकट ने बढ़ाया कपड़ा उद्योग पर दबाव, घटती उत्पादकता का समाधान निकालने में जुटा कृषि मंत्रालय

**नईदिल्ली, 11 जुलाई [एजेंसी]।**



कपास उत्पादन में भारत का स्थान दुनिया में अग्रणी है, मगर लगातार गिरती पैदावार और बढ़ते कीट प्रकोप के चलते गंभीर कृषि संकट से जूझ रहा है। 2019-20 के बाद देश में कपास उत्पादन में तेज गिरावट आई है। इससे किसानों की आय पर असर पड़ा है। निर्यात कम हो गया है और वस्त्र उद्योग पर दबाव बढ़ रहा है।केंद्र सरकार शुक्रवार को कोयंबटूर में किसानों एवं कृषि विज्ञानियों के साथ बड़े स्तर पर विमर्श करने जा रही है। इसमें उत्पादकता बढ़ाने पर गंभीर चिंतन होगा, क्योंकि रकबे में पहले नंबर पर होने के बाद भी उत्पादकता में भारत का स्थान दुनिया में 36वां है। सरकार एचटीबीटी (हर्बीसाइड टॉलरेंट बीटी) कपास को वैध करने पर भी विचार कर सकती है, ताकि वर्तमान रकबे में ही पैदावार बढ़ सके। यह जैव-प्रौद्योगिकी आधारित किस्म है, जिसे कीट और खरपतवार दोनों से बचाने के लिए विकसित किया गया है। भारत के किसानों ने 2002 में बीटी कॉटन को अपनाया था। तब से अबतक लगभग 97 प्रतिशत किसान इसी उन्नत बीज का प्रयोग करते आ रहे हैं, मगर इसमें नई जैविक एवं पर्यावरणीय चुनौतियां आ जाने के बाद अब सरकार इसके विकल्प की तलाश में है, ताकि पैदावार बढ़े, लागत घटे एवं किसानों को नई ऊर्जा मिल सके। उन्नत बीजों की कमी से किसानों की कमर टूट रही है। यही कारण है कि कपड़ा मंत्रालय की सलाह पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दिशा में पहल तेज कर दी है।कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कपास संकट पर शीर्ष बैठक बुलाई, जिसमें कपास किसानों, वैज्ञानिकों, राज्य सरकारों और उद्योगों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। किसानों से सुझाव आमंत्रित करने के लिए कृषि मंत्रालय ने एक टोल-फ्री नंबर भी जारी किया है, जो 18001801551 है। मंत्री ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य उत्पादन बढ़ाकर लागत घटाना है।

किसानों को जलवायु-अनुकूल एवं वायरस-रोधी बीज देने पर मंथन होगा। भारत में कपास उत्पादन 2013-14 में 398 लाख गांठ के शिखर पर था, जो अब घटकर 2024-25 में 306.92 लाख गांठ पर पहुंच गया है, जबकि देश में प्रतिवर्ष 315 लाख गांठ से ज्यादा की जरूरत है। ऐसे में पहले से ही उच्च लागत और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से जूझ रहे भारत के कपड़ा उद्योग पर भारी दबाव पड़ रहा है । प्रत्येक वर्ष कपास के आयात की मात्रा बढ़ानी पड़ रही है। बीटी काटन की जगह अब एचटीबीटी कपास को वैध करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया जा सकता है। इससे उत्पादकता दोगुनी हो सकती है।जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रेजल कमेटी ने लंबे परीक्षण के बाद इसे संतोषजनक बताया है और व्यावसायिक खेती की सिफारिश की है। यहां तक कि महाराष्ट्र, गुजरात एवं आंध्र प्रदेश के कुछ जिलों में अवैध तरीके से किसान इसकी खेती भी करने लगे हैं। अभी इसे मंजूरी मिलनी बाकी है।

# 11 महीने में सांप्रदायिक हिंसा के 2400 मामले... रिपोर्ट ने खोली यूनुस सरकार की पोल, हिंदुओं का बनाया जा रहा निशाना



**ढाका, 11 जुलाई [एजेंसी]।**

बांग्लादेश में गत पांच अगस्त को शेख हसीना सरकार अपदस्थ कर दी गई थी और इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार गठित हुई थी। तब से 11 महीनों के दौरान देश में अल्पसंख्यक समुदायों खासतौर पर हिंदुओं को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं।अल्पसंख्यकों के संगठन हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में बताया कि देश में पिछले 330 दिनों में सांप्रदायिक हिंसा की करीब ढाई हजार घटनाएं हुईं। संगठन ने यहां नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों ने चार अगस्त, 2024 से अगले 330 दिनों में सांप्रदायिक हिंसा की 2,442 घटनाओं का सामना किया। इनमें से ज्यादातर हिंसक घटनाएं चार अगस्त से 20 अगस्त के बीच हुईं। परिषद ने बयान में बताया कि हिंसा की प्रकृति बेहद गंभीर थी, जिसमें हत्या, सामूहिक दुष्कर्म से लेकर पूजा स्थलों, घरों और दुकानों को निशाना बनाने के साथ ही धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तारियां और संगठनों से अल्पसंख्यकों को बाहर करना शामिल है। पीड़ितों में पुरुष, महिलाएं और अल्पसंख्यक समूहों के किशोर शामिल हैं। इन घटनाओं में लिप्त अपराधियों में से ज्यादातर को न्याय के कठघरे में नहीं लाया गया। हालांकि अंतरिम सरकार ने इन घटनाओं को मानने से इन्कार किया है और राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया है। हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के वरिष्ठ सदस्य नार्मल रोसारियो ने कहा कि अंतरिम सरकार की तरफ से चलाए जा रहे सुधार के प्रयासों से अल्पसंख्यक समुदायों को बाहर रखा गया है। जबकि एक अन्य सदस्य निमचंद्र भौमिक ने कहा कि वास्तव में सरकार अल्पसंख्यकों पर दमन की घटनाओं की अनदेखी करती है। हम न्याय की मांग करते हैं। 2022 की जनगणना के अनुसार, बांग्लादेश में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है। कुल आबादी में 7.95 प्रतिशत हिंदू हैं। इसके बाद बौद्ध (0.61 प्रतिशत) और ईसाई (0.30 प्रतिशत) हैं।

# असम में भी भाषा को लेकर लड़ाई शुरू, सीएम बोले- भाषा का उपयोग ब्लैकमेलिंग के औजार के रूप में नहीं होना चाहिए




**गुवाहाटी, 11 जुलाई [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में चल रहे भाषा विवाद के बीच असम में भी भाषा को लेकर लड़ाई शुरू हो गई है। ऑल बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल माइनारिटी के छात्र यूनियन के नेता मैनुद्दीन अली द्वारा असम में जनगणना के दौरान मुस्लिमों से असमिया की जगह पर बंगाली भाषा को अपनी मातृ भाषा लिखने की अपील की गई।छात्र नेता की इस अपील के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि जनगणना दस्तावेजों में बंगाली को मातृभाषा के रूप में लिखने से राज्य में रहने वाले विदेशियों की संख्या का पता चल सकेगा। मुख्यमंत्री ने असमिया भाषा को असम की स्थायी राज भाषा बताते हुए कहा कि किसी को भी भाषा का इस्तेमाल ब्लैकमेलिंग के औजार के रूप में नहीं करना चाहिए। भाषा विवाद के मुद्दे पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि असमिया असम की स्थायी आधिकारिक भाषा है। इसकी संवैधानिक वैधता है। भाषा को ब्लैकमेल करने के हथियार के रूप में नहीं लिया जा सकता। आगे बोले कि अगर वे असमिया को अपनी मातृभाषा के रूप में सूचीबद्ध नहीं भी करते हैं, तो भी इससे तथ्य नहीं बदलेंगे। हालांकि अगर समुदाय असमिया को अपनी मातृभाषा के रूप में सूचीबद्ध नहीं करता है तो इससे केवल यह पता चलेगा कि राज्य में कितने अवैध विदेशी हैं।छात्र नेता के इस विवादित बयान के बाद ऑल बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल माइनारिटी ने उसे पार्टी से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही छात्र नेता ने अपने इस बयान के लिए माफी भी मांग ली है।

वहीं, असम में बेदखली अभियान जारी रहने का दावा करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पिछले चार वर्षों में राज्य भर में 25 हजार एकड़ से ज्यादा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। हालांकि, कांग्रेस ने बेदखली अभियानों की आलोचना की और वादा किया कि भाजपा शासन के दौरान जमीन से बेदखल किए गए सभी भारतीय नागरिकों को राज्य में विपक्षी दल सत्ता में आता है, तो उन्हें उचित मुआवजा दिया जाएगा।

# शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा बांग्लादेश, मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव बोले- नैतिक स्पष्टता के साथ काम करे भारत



**ढाका 11 जुलाई।** बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने बुधवार को भारत से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के अनुरोध पर नैतिक स्पष्टता के साथ काम करने की अपील की।वह बांग्लादेश में मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोपों का सामना कर रही हैं। बांग्लादेश ने गत दिसंबर में भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की थी। यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने इंटरनेट मीडिया पर एक बयान में कहा, हम अब भारत से अपील करते हैं कि वह संवेदना और नैतिक स्पष्टता के साथ काम करे। कहा गया कि बहुत लंबे समय से भारत ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए बांग्लादेश के कानूनी अनुरोध का पालन करने से इन्कार किया है। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में हसीना के खिलाफ एक मामले की सुनवाई गुरुवार को होने वाली है। हिंसक छात्र आंदोलन के चलते गत वर्ष पांच अगस्त को हसीना की अगुआई वाली अवामी लीग सरकार अपदस्थ हो गई थी। उस समय से हसीना भारत में रह रही हैं।

# ऋषिकेश के लिए लखनऊ से कांवड़ मेला स्पेशल ट्रेन शुरू, नौ अगस्त तक रोजाना होगी रवाना

**लखनऊ।** श्रावण मास को देखते हुए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन कांवड़ मेला स्पेशल ट्रेन चलाएगा। यह ट्रेन अनारक्षित बोगियों के साथ दौड़ेगी। ट्रेन 11 जुलाई से नौ अगस्त तक प्रतिदिन आलमनगर से संचालित की जाएगी।हरिद्वार में 11 से 23 जुलाई तक श्रावण मास कांवड़ मेला का आयोजन किया जाएगा। इस कारण हरिद्वार और ऋषिकेश जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। लखनऊ से हरिद्वार की ओर जाने वाली जनता एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस सहित सभी ट्रेनों में लंबी वेटिंग हो गई है। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए योगनगरी ऋषिकेश के लिए अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेजा था। बोर्ड से स्वीकृति मिलने के बाद गुरुवार देर शाम ट्रेन संचालन की नोटिफिकेशन जारी कर दी गई।ट्रेन नंबर 04318 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर अनारक्षित मेला स्पेशल 11 जुलाई से नौ अगस्त तक योग नगरी ऋषकेश से प्रतिदिन शाम सात चले चलकर अगले दिन सुबह 10.45 बजे आलमनगर पहुंचेगी। इसी तरह 04317 आलमनगर योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन 12 जुलाई से 10 अगस्त तक प्रतिदिन आलमनगर से दोपहर 12.05 बजे चलकर योग नगरी ऋषिकेश रात 11 बजे पहुंचेगी।

# जलभराव से निपटने के लिए दिल्ली की तैयारियां अभी भी अधूरी, लगानी होगी और ताकत

**नईदिल्ली, 11 जुलाई [एजेंसी]।**

वर्षा ने दिल्ली वालों को गर्मी व उमस से राहत दी, लेकिन साथ ही जलभराव व भीषण जाम की समस्या से भी दोचार होना पड़ा। इससे दिल्ली की एजेंसियों के जलभराव से निपटने के दावे पानी में बह गए। साथ ही एजेंसियों की तैयारियों की भी पोल खुल गई है। ऐसे में दिल्ली की इन एजेंसियों से नागरिक इंटरनेट मीडिया पर और बेहतर तैयारी करने की मांग करते हुए नजर आए। क्योंकि लोगों को जलभराव व जाम के कारण दो से ढाई घंटे तक परेशान होना पड़ा। हालांकि मिंटो ब्रिज से लेकर विकास मार्ग और ओल्ड राजेंद्र नगर के बड़ा बाजार जैसे रोड पर जलभराव नहीं हुआ।ऐसे में जैसे प्रविधान जलभराव से निपटने के लिए एजेंसियों ने इन स्थानों पर किए हैं वैसे ही सुधार अन्य जलभराव के स्थानों पर करने की दरकार है। साथ ही एजेंसियों ने हर जलभराव के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की थी ऐसे में इन अधिकारियों की भी जवाबदेही सुनिश्चत करने की मांग हो रही है। बृहस्पतिवार को वर्षा के कारण स्थित यह रही कि नाट प्लेस, इंडिया गेट, मथुरा रोड, रिंग रोड, बहादुर शाह जफर मार्ग, आइटीओ, विकास मार्ग, दिल्ली गेट, बाराखंभा, कश्मीरी गेट, सराय काले खां, लक्ष्मी नगर, शास्त्री पार्क, छतरपुर जैसे



इलाकों में जलभराव के साथ ही जाम की भीषण समस्या रही। अरविंद मार्ग, जीके, रेल भवन, अक्षरधाम, आश्रम, पुल प्रहलादपुर, एमबी रोड, एमजी रोड, पुराना रोहतक रोड, शादीपुर, मधुबन चौक समेत अन्य शामिल हैं। जाम की स्थिति यह कि 15 से 20 मिनट का सफर एक से दो घंटे में पूरा हो रहा था। खासकर यमुना पार पूर्वी दिल्ली में रिहायशी इलाकों की गलियों से लेकर मुख्य मार्गों पर वर्षा का पानी जमा हुआ। दिल्ली भर में प्रमुख मार्गों पर 150 से अधिक स्थानों पर जलभराव की शिकायतें मिली। हालांकि, यह जलभराव अधिक देर के लिए नहीं रहा। वर्षा के आधे से एक घंटे में अधिकांश स्थानों से पानी निकल गया।

जबकि, जाम के स्थान 200 से अधिक रहे।सीलमपुर, शाहदरा मेट्रो स्टेशन के बाहर, ब्रह्मपुरी रोड, बाबरपुर सौ फुटा रोड, वजीराबाद रोड, एनएच-नौ की सर्विस लेन, स्वामी दयानंद मार्ग, शाहदरा जीटी रोड, यमुना विहार, बृजपुरी रोड समेत कई जगह वर्षा से जलराव हुआ। सड़कों पर इतना पानी भर गया कि कई वाहन बंद हो गए। इससे सड़कों पर जाम लग गया। लोग जलभराव में अपने वाहनों को धक्का लगाकर साइड करते हुए दिखाई दिए।सीलमपुर सर्विस रोड पर करीब तीन फुट पानी जमा हो गया। बैरिकेड लगाकर वाहनों के लिए रास्ता बंद करना पड़ा। जिस सड़क पर जलभराव हुआ, वहां लंबा जाम लगा। जलभराव से लोगों के मकानों व दुकानों में पानी भर गया। जिससे नाराज लोग निगम व पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते दिखे।दक्षिणी दिल्ली में कई स्थानों पर जलजमाव होने से यातायात प्रभावित रहा। संगम विहार, देवली, सैनिक फार्म व एमबी रोड पर पानी भर जाने से वाहनों की रफ्तार रुक सी गई।

# स्पोर्ट्स शूज खरीदते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, होगा सही चयन

स्पोर्ट्स शूज खरीदना एक अहम फैसला है। सही जूते न केवल आपके प्रदर्शन को बेहतर बनाते हैं, बल्कि चोटों से भी बचाते हैं। आजकल बाजार में कई तरह के स्पोर्ट्स शूज उपलब्ध हैं, जिससे सही चयन करना मुश्किल हो जाता है। इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी सुझाव देंगे, जिनकी मदद से आप अपने लिए सही स्पोर्ट्स शूज चुन सकते हैं और अपने खेल का आनंद ले सकते हैं।

खेल के प्रकार पर ध्यान दें

स्पोर्ट्स शूज खरीदते समय सबसे पहले यह तय करें कि आप कौन सा खेल खेलते हैं। फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल या दौड़ आदि के लिए अलग-अलग तरह के जूते चाहिए होते हैं। हर खेल की अपनी खासियत होती है, जैसे कि फुटबॉल के लिए खांचे वाला तलवा, क्रिकेट के लिए कीलें वाला तलवा, बास्केटबॉल के लिए ऊंचा सपोर्ट आदि। अपने खेल के अनुसार सही तरह के जूते चुनें ताकि आपका प्रदर्शन बेहतर हो सके।

आकार और फिटिंग पर ध्यान दें

जूते खरीदते समय उनका आकार और फिटिंग बहुत अहम होती है। जूते आपके पैरों के आकार और माप के अनुसार होने चाहिए ताकि वे आरामदायक महसूस हों। ढीले या बहुत टाइट जूते पहनने में परेशानी पैदा कर सकते हैं, जिससे चोट



लगने का खतरा बढ़ जाता है। हमेशा अपने पैरों का माप लेकर ही जूते खरीदें और कोशिश करें कि जूते पैरों में पहनकर देखें ताकि सही फिटिंग मिल सके।

सामग्री पर ध्यान दें

जूते की सामग्री भी महत्वपूर्ण होती है। चमड़ा, कृत्रिम या नायलॉन जैसे विभिन्न सामग्रियों से बने जूते उपलब्ध होते हैं। चमड़ा जूते लंबे समय तक चलते हैं, लेकिन उन्हें देखभाल की जरूरत होती है। कृत्रिम और नायलॉन जूते हल्के होते हैं और आसानी से साफ किए जा सकते हैं। मौसम के अनुसार भी सामग्री का चयन करें ताकि आपके पैरों को हवा लगती रहे और वे पसीने से न भिगें।

पकड़ और सपोर्ट पर ध्यान दें-स्पोर्ट्स शूज की पकड़ और सपोर्ट बहुत अहम होती है। अच्छे पकड़ वाले जूते फिसलन से बचाते हैं और बेहतर स्थिरता देते हैं। सपोर्टेड जूते पैरों को स्थिर रखते हैं और चोट लगने के खतरे को कम करते हैं। फुटबॉल के लिए खांचे वाला तलवा वाले जूते चुनें, क्रिकेट के लिए कीलें वाला तलवा वाले जूते लें, बास्केटबॉल के लिए ऊंचा सपोर्ट वाले जूते खरीदें और दौड़ के लिए हल्के और लचीले जूते चुनें।

विश्वसनीयता पर ध्यान दें-विश्वसनीयता भी अहमियत रखती है। भरोसेमंद निर्माताओं द्वारा बनाए गए जूते आमतौर पर बेहतर गुणवत्ता और प्रदर्शन प्रदान करते हैं। इसलिए हमेशा भरोसेमंद निर्माताओं से ही जूते खरीदें ताकि आपको अच्छी गुणवत्ता और आरामदायक अनुभव मिले। इन सुझावों को ध्यान में रखकर आप अपने लिए सही स्पोर्ट्स शूज चुन सकते हैं और अपने खेल का पूरा आनंद ले सकते हैं।



## मुनव्वर फारुकी के शो में शामिल हुईं खुशी मुखर्जी, बोलीं- मुझे गर्व महसूस हो रहा है

एक्ट्रेस खुशी मुखर्जी ने कमीडियन मुनव्वर फारुकी द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो द सोसाइटी में शामिल होने के अनुभव को साझा किया।

इस शो में शामिल होने की उत्सुकता जताते हुए खुशी ने

कहा, शो में जाना मेरे लिए एक खास एहसास है। इस शो का हिस्सा बनने पर मुझे गर्व महसूस हो रहा है और सच में इंतजार नहीं कर सकती कि लोग मुझे एक नए अंदाज में देखें। पिछले कुछ महीनों में, मैंने लोकप्रियता के अच्छे और बुरे दोनों पहलू देखे हैं। कुछ लोग मेरे लिए मजबूत सहारा बने, लेकिन बहुत सारे लोग ऐसे भी थे, जिन्होंने मुझे नीचे गिराने की कोशिश की।

उन्होंने कहा, मैं इन बातों की परवाह किए बिना अपने काम और खुद पर ध्यान दे रही हूं ताकि अपने दर्शकों का मनोरंजन कर सकूं। मुझे शो के बारे में ज्यादा कुछ बताने की इजाजत नहीं है, लेकिन हां, मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि यह एक ऐसा शो होगा, जो भारत जैसे देश के लिए बिल्कुल नया होगा। मैं वाकई बहुत उत्साहित हूं और दर्शकों से प्यार और सपोर्ट मिलने की उम्मीद कर रही हूं।

बता दें कि मुनव्वर फारूकी जियोहॉटस्टार के शो द सोसाइटी को होस्ट करेंगे। इस शो को कब और कैसे देखा जा सकेगा, इसकी जानकारी अभी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है।

7 जुलाई को जियोहॉटस्टार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर इस शो का टीजर शेयर किया था, जिसमें कुछ लोग रेड कलर की आउटफिट में कैमरे की तरफ बढ़ते दिखाई दे रहे थे। जब वे पास से गुजरे, तो कैमरा मुनव्वर फारूकी पर जूम किया गया, जो टक्सीडो पहने चार लोगों के सामने खड़े थे और उनके चेहरे काले मास्क से ढके हुए थे।

टीजर शेयर करते हुए स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने लिखा, गेम मास्टर मुनव्वर फारूकी आपका स्वागत करते हैं द सोसाइटी में! थोड़ा सावधान रहिए, यहां के नियम भी इनके जैसे अलग और हटके हैं।

द सोसाइटी के अलावा, खबर है कि खुशी मुखर्जी बिग बॉस के अगले सीजन में भी शामिल हो सकती हैं।

## एली अवराम ने शेयर की हॉट तस्वीरें, लेदर जैकेट में दिखा ग्लैमरस अंदाज़



बॉलीवुड एक्ट्रेस एली अवराम ने अपने नए फोटोशूट की बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है. लेदर जैकेट में उनका यह ग्लैमरस अंदाज़ सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. एली ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ग्र जो उनकी इस दमदार और सिज़लिंग पर्सनालिटी को बखूबी दर्शाता है. फोटोशूट में एली ने मरून कलर की स्टाइलिश लेदर जैकेट पहनी है, जिसमें उनका कॉन्फिडेंस और एलिगेंस साफ झलक रहा है. ओपन हेयर, स्मोकी आई मेकअप और गोल्डन इयररिंग्स ने उनके लुक को और भी एट्रैक्टिव बना दिया है. फोटोज़ में उनका पोज़ और एक्सप्रेशन फैंस को दीवाना बना रहा है. एली अवराम का यह फोटोशूट इस बात का सबूत है कि वह सिर्फ टैलेंटेड एक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि फैशन और स्टाइल की क्वीन भी हैं. कुछ ही घंटों में इस पोस्ट पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं, जहां फैंस उन्हें स्तब्ध करने वाला और फैशन दिवा जैसे कमेंट्स से नवाज़ रहे हैं. एली की यह तस्वीरें एक बार फिर साबित करती हैं कि उनका हर अंदाज़ फैंस को इम्प्रेस करने में कामयाब रहता है.

## राष्ट्र चेतना का दीप : वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर

*** मंजू दुबे ***

दृढ संकल्प, असीम ईश्वरभक्ति के बल पर व्यक्ति कैसे गढ़ता जाता है इसकी झलक वं मौसी जी के जीवन से मिलती है। व.मौसी जी उपाख्य लक्ष्मीबाई केलकर जी।विश्व के सबसे विशाल महिला संगठन राष्ट्र सेविका समिति की संस्थापिका।एक संकल्पमय जीवन।

स्वतंत्रता से भी कई दशक पूर्व पराधीनता, बालिका शिक्षा से वंचित,संचार- यातायात के कम संसाधन, जाति - पंथ के भेदभाव, रूढ़ियों से जकड़ा समाज का वह काल।

और जैसे इस सब प्रश्नों के समाधान के रूप में एक दृढ़ संकल्पित जीवन व. लक्ष्मीबाई केलकर जी।

सन 1936 में राष्ट्र सेविका समिति के शुभारंभ से ही अनेक स्त्रियों के जीवन का मार्ग प्रशस्त किया। विश्व की अनेक बहनें उनको मौसी कहकर माँ -सी मानती हैं।

उनकी जीवन गाथा ही हम सबके लिये प्रेरणादायी है। उनके जीवन का प्रत्येक पड़ाव हमारे लिये जीवनशिक्षा है।

उनके विचार न केवल उस काल में बल्कि आज भी उतने ही आधुनिक, उपयोगी और समाज में सकारात्मकता के प्रवाह हेतु आवश्यक प्रतीत होते हैं।

वर्तमान में समाज के लिए आवश्यक पांच परिवर्तन के विषय पर व.मौसी जी के विचार समझने का प्रयास करते हैं।उनके बालपन से ही राष्ट्रभक्ति के अंदर अमिट संस्कार पड़े।मां यशोदाबाई अपनी सहेलियों को एकत्रित कर %केसरी% का सामूहिक वाचन करती थी।



उसका गहरा प्रभाव कमल(बचपन का नाम)के बाल मन का होता था। स्वदेशी के प्रति नितांत श्रध्दा का भाव व्याप्त था। घर में इन संस्कारों के कारण ही वह मिशनरी स्कूल में भी जागृत रही।अपने उद्बोधनों और आचरण में उन्होने तब के समय ही 5 स्व बताए थे। स्वदेशी, स्वभाषा, स्व संस्कृति, स्वधर्म और स्वावलंबन ही स्वाधीनता के आधार है।स्वदेशी हमारे लिए इसलिए आवश्यक है क्योंकि यह देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत करता है। जब हम देश में बने उत्पादों का उपयोग करते हैं, तो इससे हमारे किसानों, कारीगरों और छोटे उद्योगों को सीधा लाभ मिलता है। स्वदेशी अपनाने से न केवल आर्थिक मजबूती आती है, बल्कि यह हमारे राष्ट्रप्रेम का भी प्रतीक बनता है। इससे हम विदेशी निर्भरता को कम करते हैं और अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हैं। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग हमारे समाज को आर्थिक, सांस्कृतिक और आत्मिक रूप से सशक्त बनाता है।वे घर में आने वाली विदेशी तथा चीनी कपड़ों पर रोक लगा स्वदेशी चीजों को प्राथमिकता देती थी।

वं. मौसी जी की यह दृढ धारणा थी कि सामाजिक समरसता यह प्रवचन, आंदोलन के विषय नहीं हैं।उन्हे जीवन मे उतारना चाहिये। उन दिनों छूआछूत की कट्टर कल्पनाओं के कारण हरिजन कर्मचारी अपने घर में रखना समाजमान्य नही था। परंतु वं. मौसी जी ने अपने घरमें ऐसे सहयोगी रखे। आग्रह इसका था कि वे प्रामाणिक हो स्वच्छता रखें।

विधवा पुनर्विवाह भी ऐसा ही विषय था। एक ऐसी गृहिणी को लोग अपने घर के मंगल कार्य में आमंत्रित नही करते थे। उस महिला के मन की व्यथा वं. मौसी जी के संवेदनशील मन को चुभ गयी। उस महिला को अपने घर में सुहागन के नाते बुलाना उन्होंने प्रारंभ किया, उसे सम्मान दिया।और जमीनदार परिवार से ही यह प्रथा प्रारंभ हो गयी।तत्कालीन परिस्थितियो में वं. मौसी जी का यह निर्णय कितना प्रगतिशील, साहसी एवं क्रांतिकारी था।नागरिक कर्तव्य अपने देश के प्रति दायित्व का भाव है।केवल अधिकारों की चिंता न करके दैनिक आचरण में आदर्श नागरिक के रूप में कर्तव्यों का पालन।इस विषय की गंभीरता व.मौसी जी के जीवन में स्पष्ट दिखती है।उन्होंने घर में पढ़ाने वाले शिक्षकों का सहयोग लेकर एक विशेष बालिका विद्यालय वर्धा में स्थापित किया जो आज भी प्रखर रूप से संचालित है।

स्वतंत्रता संग्राम की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु महात्मा गांधी जी के आवाहन पर उन्होनें एक क्षण में अपनी सोने की माला दान कर दी और प्रत्येक महिला मंडल कार्यक्रम में सभा के लिए निधि राशि का आवाहन कर राष्ट्रबोध जगाने का संकल्प लिया।

**( लेखिका राष्ट्र सेविका समिति की छत्तीसगढ़ सेवा प्रमुख हैं )**

## सन ऑफ सरदार 2 का नया पोस्टर आया सामने, ट्रेलर की रिलीज तारीख से उठा पर्दा



अजय देवगन की मास कॉमेडी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस के लिए गुडन्यूज है. सन ऑफ सरदार 2 के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है. सन ऑफ सरदार 2 के ट्रेलर के लिए ज्यादा दिनों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा. मेकर्स ने सन ऑफ सरदार 2 के ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान कर दिया है. सन ऑफ सरदार 2 के पोस्टर और टीजर आने के बाद से दर्शकों को इसके ट्रेलर का इंतजार था, जो आने वाले दो दिनों में खत्म हो जाएगा. फिल्म के लीड एक्टर अजय देवगन ने अपनी शानदार कॉमेडी फिल्म सन ऑफ सरदार के दूसरे पार्ट के ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान कर दिया है. अजय ने आज 9 जुलाई को सोशल मीडिया पर सन ऑफ सरदार 2 का नया पोस्टर भी शेयर किया है और साथ ही बताया है कि सन ऑफ सरदार 2 का ट्रेलर आगामी 11 जुलाई को रिलीज होने जा रहा है. इसी के साथ फिल्म सन ऑफ सरदार 2 से आए पोस्टर में अजय समेत फिल्म की पूरी स्टारकास्ट नजर आ रही है. पोस्टर पर अजय हाथ खड़े कर हैरान और परेशान दिख रहे हैं. पोस्टर में दिख रहे सभी कलाकारों ने उनपर बंदूक तान रखी है.इस पोस्ट को शेयर कर अजय ने लिखा है, पाजी, 2 दिन बाद इम्पॉसिबल की भी लगेगी क्लास, सन ऑफ सरदार 2 का ट्रेलर 11 जुलाई को रिलीज होगा, हमारे साथ जुड़े रहें. बता दें, फिल्म आगामी 25 जुलाई को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही है. फिल्म सन ऑफ सरदार 2 का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है. फिल्म के प्रोड्यूसर खुद अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, एनआर पचिसिया और प्रवीण तलरेजा हैं. फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें अजय देवगन, मृणाल ठाकुर, रवि किशन, संजय मिश्रा, मुकुल देव, विंदू दारा सिंह और चंकी पांडे हैं.

## सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की धड़क 2 का रोमांटिक पोस्टर जारी

सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की बहुप्रतीक्षित फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर जल्द ही आने वाला है। फिल्म के मेकर्स ने इसका एलान किया है। इस फिल्म का निर्देशन शाजिया इकबाल कर रही हैं। यह फिल्म साल 2018 में आई फिल्म धड़क का रीमेक है। फिल्म को राहुल बडवेल्कर के साथ मिलकर शाजिया इकबाल ने लिखा है।

फिल्म निर्माताओं ने बताया है कि धड़क 2 का ट्रेलर 11 जुलाई को रिलीज होगा। मेकर्स ने सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की नई फिल्म के पोस्टर का अनावरण भी किया है। पोस्टर पर लिखा हुआ है मरने और लड़ने में से एक को चुनना हो तो लड़ना। इसके बाद लिखा है ट्रेलर इस शुक्रवार को आएगा। पोस्टर में फिल्म की रिलीज की तारीफ भी बताई गई है। यह फिल्म 1 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म मेकर्स ने पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दो दिल एक धड़क। आपको बता दें कि यह फिल्म साल 2018 में आई ईशान खट्टर की फिल्म धड़क की रीमेक है। जो साल 2016 में रिलीज हुई मराठी फिल्म सैराट की सीक्वल थी। इसका निर्देशन नागराज मंजुले ने किया था।

बताया जाता है कि हाल ही में 16 कट के बाद धड़क 2 को यूए सर्टिफिकेट मिला है। फिल्म में गालियों को म्यूट किया गया है और सवर्ण शब्द के इस्तेमाल को हटा दिया गया है। सबसे पहले यह फिल्म नवंबर 2024 में रिलीज होने वाली थी। इसके बाद इसे मार्च 2025 में रिलीज किया जाना था। हालांकि यह तब भी नहीं रिलीज हो सकी। अब इसे 1 अगस्त 2025 को रिलीज किया जाना है। धड़क 2 के अलावा सिद्धांत चतुर्वेदी दिल का दरवाजा खोल न डार्लिंग में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वामिका गब्बी और जया बच्चन होंगी। वह जल्द ही संजय लीला भंसाली के एक प्रोजेक्ट में आने वाले हैं। इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।



## शब्द सामर्थ्य

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## काजोल की फिल्म मां की हालत पस्त

सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर की म्यूजिकल रोमांटिक-ड्रामा फिल्म मेट्रो... इन दिनों को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने वाला है। दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी फिल्म की खूब तारीफ की, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। औसत शुरुआत के बाद वीकेंड पर इस फिल्म ने अच्छा कारोबार किया। अब मेट्रो... इन दिनों के पांचवें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मेट्रो... इन दिनों ने जहां चौथे दिन 2.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं रिलीज के पांचवें दिन यह 2.9 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। फिल्म ने 3.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर औसत शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन इस फिल्म ने 6 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 7.25 करोड़ रुपये कमाए। इसी के साथ मेट्रो... इन दिनों ने अब तक भारत में 22.15 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं।

# एसईसीएल पांडवपारा में कोयला ट्रक की टक्कर से संदीप ग्वाले की मौत

### आक्रोशित परिजनों ने किया चक्का जाम



**कोरिया-पांडवपारा।** एसईसीएल पांडवपारा के मेन गेट के पास मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। झिलमिली से आ रहे कोयले से भरे ट्रक ने स्कूटी सवार संदीप ग्वाले को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनका एक पैर कट गया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाते टाइम ही मौत हो गई।

संदीप ग्वाले भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा उपाध्यक्ष बबीता ग्वाले के पति थे। इस दुर्घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल फैल गया। बुधवार सुबह परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। लोगों ने एसईसीएल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि दुर्घटना का मुख्य कारण मेन रोड के किनारे लगाए गए बैरीकेट हैं, जिनसे ट्रकों की आवाजाही असुरक्षित हो गई है।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक भैयालाल राजवाड़े मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने अपनी ओर से 2 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। इसके अलावा एसईसीएल प्रबंधन की ओर से 1 लाख, ट्रांसपोर्टिंग ठेकेदार द्वारा 2 लाख और तहसीलदार की ओर से 25 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता दी गई।विधायक राजवाड़े ने यह भी आश्वासन और लिख के दिए परिजनों को की एसईसीएल पांडवपारा के टीएमसी, एवं जेम्स में परिवार के एक सदस्य की नौकरी लगवाएंगे और वही एक सदस्य को डीएवी स्कूल में नौकरी दिलाएंगे। लोगों का कहना है कि मंगलवार को केंद्र व्यापी हड़ताल के बावजूद जानबूझकर ट्रकों को भेजा गया, जो इस हादसे का कारण बना। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद भी एसईसीएल के प्रबंधक या कोई भी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे आक्रोश और गहरा गया।

## कुत्ते ने महिला सहित कई लोगों को किया जख्मी

**रामानुजगंज।** बलरामपुर रामानुजगंज नगर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ते जा रहा है विगत कई दिनों से कुत्ता काटने से अब तक दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं वही गर्भवती महिला, तीन बच्चे सहित पांच लोगों को कुत्ता ने काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों का अस्पताल में प्राथमिक इलाज किया गया। कुमारी मानवी अपने पिता जितेंद्र प्रजापति के साथ बाइक से स्कूल जा रही थी इसी दौरान कुत्ता ने काट लिया, 6 वर्षीय मासूम आदर्श पाल पिता विक्रम पाल भी स्कूल जाने के दौरान कुत्ता ने काटकर घायल कर दिया। गर्भवती महिला प्रियंका सोनी पति रुपेश सोनी उम्र 25 वर्ष को कुत्ता ने बाइक से जाने के दौरान काट दिया। 9 वर्षीय बच्ची आर्या एवं 24 वर्षीय प्रदीप को भी कुत्ता के द्वारा काटकर घायल कर दिया। सभी कुत्ता काटने से घायल लोग 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचे जहां सभी का इलाज चल रहा है यह सभी आज सुबह घटना 8 से 10 बजे के बीच हुई। चलते बाइक में दौड़ा कर काट रहे- स्कूली बच्चे एवं गर्भवती महिला अपने स्वजनों के साथ बाइक में जा रहे थे इसी दौरान कुत्ता दौड़ा कर काट लिया।

### एकलव्य विद्यालय घुघरा में शिक्षण गतिविधियों पर हुई विस्तार से चर्चा

# सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में इतना सुधार करें कि नतीजे बेहतर आएं



**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में एकलव्य आदर्श आवासी विद्यालय, घूघरा (सोनहत) में शिक्षकों की गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली परीक्षाओं में छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों का आंकलन करते हुए कलेक्टर ने शिक्षकों से वर्तमान शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना की जानकारी ली।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए शिक्षण में नवीन तकनीकों जैसे ऑडियो, वीडियो और मैपिंग का उपयोग किया जाए। विषयवार चर्चा के दौरान उन्होंने सभी शिक्षकों को अपने पढ़ाने के स्तर में नवाचार लाने और बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, बच्चे कच्ची मिट्टी जैसे होते हैं, उन्हें जिस माहौल में ढाला जाएगा, वे वैसा ही बनेंगे। इसलिए उन्हें सकारात्मक और सृजनात्मक वातावरण देना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों से अंग्रेज़ी में संवाद करें और उन्हें अंग्रेज़ी बोलने का अभ्यास कराएं। बैठक में कलेक्टर ने जिले के कुछ प्रेरणादायक शिक्षकों का उदाहरण देते हुए बताया कि थोड़ी सी अतिरिक्त मेहनत और समझदारी से कैसे छात्रों के मनोबल को बढ़ाया जा सकता है, जिससे अच्छे परिणाम भी देखने को मिलते हैं। उन्होंने शिक्षकों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का भ्रमण कर शिक्षण वातावरण एवं प्रबंधन की शैली से प्रेरणा लेने की सलाह दी। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक अपनी समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रखें, उनका समाधान किया जाएगा, लेकिन अच्छे परिणाम देने की ज़िम्मेदारी शिक्षकों की है। उन्होंने जानकारी दी कि विद्यालय में शीघ्र ही स्मार्ट बोर्ड लगाए जाएंगे, छात्रावासों में सोलर पंप और एग्जॉस्ट फैन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि छात्रों को पढ़ाई में कोई असुविधा न हो। बैठक के उपरांत कलेक्टर ने 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों से संवाद कर उनकी पढ़ाई और भविष्य की तैयारी को लेकर चर्चा की।

उन्होंने छात्रों को 100 प्रतिशत लक्ष्य लेकर समूह अध्ययन करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बालक एवं बालिका छात्रावासों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य जांच, भोजन व्यवस्था और वातावरण को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती ऊषा लकरा, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, एसडीएम सोनहत राकेश साहू, जनपद सीईओ सोनहत, विद्यालय प्राचार्य वी.के. सिंह एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# बैकुंठपुर जिले के शैक्षणिक संस्थानों में मनायी गुरू पूर्णिमा, किया गया सम्मान



**बैकुंठपुर, कोरिया।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर द न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल, नरसिंहपुर, बैकुंठपुर में दिनांक 10 जुलाई को भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में गुरु के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और भारतीय संस्कृति की महान परंपरा को सजीव रूप में अनुभव कराने हेतु आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। माँ सरस्वती की वंदना के साथ वातावरण आध्यात्मिक और पवित्रता से परिपूर्ण हो गया। इसके पश्चात छात्रों ने गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु... जैसे श्लोकों के मधुर उच्चारण से पूरे सभागार को गुरु महिमा की भावना से भर दिया। छात्रों द्वारा गुरु के महत्व पर अत्यंत भावनात्मक एवं प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए गए। प्राथमिक कक्षा से लेकर आठवीं वर्ग तक के विद्यार्थियों ने गुरु का जीवन में महत्व, गुरु ही भगवान हैं, भारतीय संस्कृति में गुरु की भूमिका जैसे विषयों पर प्रभावशाली वक्तव्य दिए। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा रंग-बिरंगे और संदेशपूर्ण पोस्टर तैयार किए गए, जिनमें गुरु को जीवन का मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत व प्रकाशपुंज बताया गया। पोस्टर प्रदर्शनी ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने गुरु भक्ति से ओत-प्रोत गीतों की प्रस्तुति दी। गुरु बिना ज्ञान कहाँ से लाऊँ, तेरे चरणों में मेरा जीवन सवरे जैसे गीतों ने सभी को भावुक कर दिया। गीतों के माध्यम से छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। कार्यक्रम का सबसे विशेष और भावुक क्षण तब आया जब छात्रों ने मंच पर आकर अपने गुरुओं एवं उपस्थित अभिभावकों को तिलक लगाया और चरण वंदना कर उनका आशीर्वाद लिया। यह दृश्य उपस्थित सभी जनों के लिए अत्यंत भावनात्मक और अनुकरणीय रहा। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती टी. गेलोट ने अपने उद्बोधन में गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु हमारे जीवन का वह दीप हैं जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाते हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस भौतिक युग में यदि विद्यार्थियों को सही दिशा मिलनी है तो गुरु का मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में शिक्षकगण - रोशन पाठक, श्रीमती सरिता चतुर्वेदी, काजल कश्यप, जानवी सिंह, अनमता परवेज, उमेश्वरी कुलमित्रा, आकांक्षा मिश्रा, प्रज्ञा मिश्रा एवं आकाश रॉबर्ट सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकगण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और इसे भारतीय संस्कृति को आत्मसात करने की दिशा में एक सुंदर पहल बताया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के मन में अपने शिक्षकों व संस्कृति के प्रति आदरभाव जागृत करने में विद्एयालय की ओर लस एक अनूठा प्रयास रहा । कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ सभी ने गुरुजनों को प्रणाम कर धन्यवाद ज्ञापन किया।

## 22 प्रतिष्ठानों पर जीएसटी की जांच पूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जीएसटी टीम ने पिछले महीने रायपुर समेत 22 जगहों पर कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारे थे, जिसमें एक बड़ी गुटखा फैक्ट्री भी शामिल थी। बताया जा रहा है कि छापे में मिले दस्तावेजों की जांच लगभग पूरी हो गई है। जल्द ही इस मामले में बड़ा खुलासा किया जाएगा। जांच पूरी होने के बाद इन तमाम कारोबारियों से करोड़ों का टैक्स मिलने की भी उम्मीद है। प्रारंभिक जांच में ही 5 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी सामने आ चुकी थी, इसके बाद अफसरों की टीम ने लगातार एक-एक संस्थानों के हर दस्तावेजों की जांच कर बड़ी कार्रवाई की है। विभाग के अफसरों ने पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि बिना टैक्स दिए कारोबार नहीं हो पाएगा। यही वजह है कि पिछले तिमाही में छत्तीसगढ़ देश के उन टॉप राज्यों में शामिल था, जहां से केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा जीएसटी का कलेक्शन कर दिया गया है।

## सहकारी समितियों से उर्वरक की जरूरत हो रही समय पर, किसानों का दावा

**रायपुर।** जिले में खरीफ सीजन के लिए खेती-किसानी का कार्य जोरों पर है। किसान आवश्यकतानुसार खाद लेने सहकारी समितियों में पहुंच रहे हैं। जिला के सोसाइटी में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण सुनिश्चित किया गया है, जिससे खेती के इस महत्वपूर्ण समय में किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ रहा। जिले की सहकारी समितियों में खाद की आपूर्ति की जा रही है। समय पर संसाधन मिलने से किसानों में उत्साह है और वे अच्छी पैदावार की उम्मीद कर रहे हैं। ग्राम केंद्री के कृषक श्री खोमान साहू ने उत्साह के साथ बताया, इस बार बारिश समय पर और अच्छी हो रही है। खेती का कार्य जोरों पर है। हमें सोसाइटी से आसानी से खाद मिल रहा है। मैंने अब तक 5 बोरा डीएपी, 6 बोरा यूरिया और 2 बोरा पोटाश लिया है। सोसाइटी में पूरी व्यवस्था बहुत व्यवस्थित है और किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही, कृषक खुश हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। हमारे किसान हितैषी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने किसानों के हित में समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करवाई। इससे हमें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने में मदद मिल रही है।

# मध्यस्थता राष्ट्र अभियान को सफल बनाने के लिए प्रधान न्यायाधीश ने अधिवक्ता संघ ली बैठक



**कोरिया बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यस्थता एवं सुलाह परामर्श समिति (एम0सी0पी0सी0) नई दिल्ली के मार्गदर्शन में तथा छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश /जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री शैलेश कुमार तिवारी ने 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के अंतर्गत न्यायालय में लंबित प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण हेतु अधिवक्ता संघ बैकुण्ठपुर के साथ बैठक ली।

एस0ओ0पी0 के अनुसार मध्यस्थता के माध्यम से लंबित प्रकरणों के निराकरण किये जाने के लिए 90 दिवस का समय सीमा निर्धारित किया गया है। राष्ट्र के लिए 01 जुलाई से 07 अक्टूबर तक अभियान चलाया जाना है। प्रधान जिला न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी ने बैठक में कहा कि मध्यस्थता एक वैकल्पिक विवाद समाधान की प्रकिया है, जो न्यायिक प्रक्रिया से अलग है, जिसमें एक तीसरे स्वतंत्र व्यक्ति मध्यस्थ दो पक्षों के बीच अपने सहयोग से उनके समान हितों के लिए एक समझौते पर सहमत होने के लिए उन्हे तैयार करता है। जिसमें पक्षकार अपनी सहमती से लंबित प्रकरणों को सौहाद्रपूर्ण निपटा सकते हैं। मध्यस्थता के माध्यम से दूर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, ऋण वसूली, बेदखली संपत्ती विभाजन, भूमि अधिकरण सहित अन्य सिविल मामले एवं राजिनामा योग्य आपराधिक मामलों का निपटारा संभव है। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने मध्यस्थता कार्यवाही में आने वाली समस्याओं के संबंध में अधिवक्तागण से चर्चा किया और अधिक से अधिक न्यायालय में लंबित प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण किये जाने का अपील किया। अधिवक्ता संघ के द्वारा उक्त अभियान को सफल बनाने हेतु पर्याप्त सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया। उक्त बैठक में विशेष न्यायाधीश बैकुण्ठपुर, आशीष पाठक, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर कुजूर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बी0पी0 मोहन्ती, सचिव मृत्युंजय तिवारी, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी, समस्त अधिवक्ता एवं लीगल डिफेंस सिस्टम के चीफ अजय सिंह, डिप्टी एवं असिस्टेंट उपस्थित रहे।

## टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में टाउन प्लानर्स के 50 अतिरिक्त पदों की स्वीकृति

**रायपुर।** भारत में शहरीकरण की तीव्र गति को सुनियोजित विकास की दिशा प्रदान करने के लिए और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करने के उद्देश्य से, छत्तीसगढ़ राज्य में टाउन प्लानर्स के 50 अतिरिक्त पदों का सृजन किया गया है। उक्त पदों में उप संचालक योजना के 10 पद, सहायक संचालक योजना के 17 पद एवं वरिष्ठ योजना सहायक के 23 पद शामिल है। नीति आयोग, भारत सरकार की रिपोर्ट एवं अर्बन प्लानिंग रिफॉर्म्स के अंतर्गत टाउन प्लानिंग कैपेसिटी को बढ़ाने के उद्द्शेय से यह अहम् कदम लिया गया है, जिससे भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे स्मार्ट सिटी, अमृत मिशन, हृदय, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना आदि को गति मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित स्टेट कैपिटल रीजन के गठन के उद्देश्य को भी साकार किया जा सकेगा। विभाग के अधिकारियों ने बताया की उक्त पदों की स्वीकृति में वित्त एवं आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी की अहम् भूमिका रही है, जिन्होंने व्यक्तिगत रूचि लेते हुए माननीय प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ के शहरों को वैश्विक पहचान दिलाये जाने के विजन को आगे बढ़ाया है। अगले चरण में उक्त पदों पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से भर्ती एवं पदोन्नति की जाएगी, जिससे राज्य में टाउन प्लानर्स की कमी को पूरा किया जा सकेगा। उक्त पदों के सृजन से छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों जैसे एनआईटी रायपुर, सीएसवीटीयू भिलाई आदि में अध्ययनरत अर्बन प्लानिंग छात्रों में एक नई ऊर्जा का संचार है, क्योंकि उक्त पदों के सृजन से शीघ्र ही भर्ती की जाएगी एवं रोजगार के नवीन अवसर सृजित होंगे।एवं छत्तीसगढ़ राज्य के शहरों का सुनियोजित विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## वर्षा काल में जलजनित रोगों को रोकने निगम की कारगर उपाय

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, जल कार्य विभाग अध्यक्ष श्री संतोष सीमा साहू, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के जल विभाग द्वारा वार्डो में जोन क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सभी पावर पम्प और हैंड पम्प का डिसइन्फेक्शन कार्य वर्षा काल में जलजनित रोगों की कारगर रोकथाम करने हेतु अभियान चलाकर जोन स्तर पर निर्देशानुसार तीन चरणों में किया जा रहा है. पावर पम्प और हैंड पम्प में ब्लीचिंग पावडर का घोल बनाकर व्यापक छिड़काव किया जा रहा है।

## आयुक्त ने सम्पतिकर निर्धारण करने के दिए निर्देश

**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारियों सहित सभी 10 जोनों और निगम मुख्यालय के सम्पूर्ण राजस्व अमले की आवश्यक बैठक बुलाकर निगम राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा निगम अपर आयुक्त श्री यू. एस. अग्रवाल, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, श्री जसदेव सिंह बाबरा, आईटी विशेषज्ञ श्री रंजीत रंजन की उपस्थिति में ली। आयुक्त विश्वदीप ने निगम राजस्व अमले से रायपुर नगर निगम क्षेत्र की सभी गैर मूल्यांकित और मूल्यांकित सम्पतियों के सर्वे के सम्बन्ध में सभी जोन सहायक राजस्व अधिकारियों से जोनवार और वार्डवार जानकारी ली।

## चोरी के मामले में 8 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** जिले के थाना पुरानी भिलाई क्षेत्र में एक दुकान के अंदर घुसकर चोरी करने वाले आरोपी को पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले आठ माह से फरार चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बीएन राजू पिता स्व.बी.बी. रमन्ना उम्र 52 वर्ष निवासी 348-ए के सामने जो 2 रेल्वे कालोनी थाना जी.आर.पी चरोदा जिला दुर्ग के द्वारा दिनांक 16.10.2024 के रात्रि करीबन 10.30 बजे चरोदा स्थित अपने न्याय बैटरी की दुकान का शटर बंद करके अपने घर चला गया था। अगले दिन दिनांक 17.10.2024 के सुबह 8 बजे दुकान खोलने आया तब देखा दुकान का शटर उठा हुआ था और शटर का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया था प्रार्थी की सूचना पर थाना पुरानी भिलाई जिला दुर्ग में उपरोक्त अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्त मोहम्मद इबयार के मेमोरण्डम में अपराध में संलग्न अभियुक्त सोनू साहू घटना के बाद से लगातार फरार था जिसे मुखबीर की सूचना पर कडी मशक्कत कर हांडी पारा थाना आजाद चौक जिला रायपुर से हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया अभियुक्त अपने कथन में आरोपी मोहम्मद इबयार के साथ शटर का ताला तोड़कर रकम चोरी करने का प्रयास करना स्वीकार किया है। अभियुक्त सोनू उर्फ घनेन्द साहू को धारा-331(4),305(ए)62, बीएनएस के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## युवक पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** जिले की थाना पद्मनापुर पुलिस ने एक युवक पर प्राण घातक हमला करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लगभग एक माह से फरार था। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शक्ति निषाद पिता सुरेश निषाद उम्र 27 वर्ष पता अटल आवास न्यू आदर्श नगर ने थाना पद्मनाभपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी विजय कुर्रे ने दिनांक 16/06/25 को 11 बजे गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी के घर के सामने तुम मुझे बबलू सेठ के यहां से काम से छुड़ा दिए हो कह कर वहीं पास में पड़े कांच के बोतल से गर्दन पर हत्या करने के नियत से प्राण घातक वार कर घायल कर दिया था। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना पद्मनाभपुर में धारा 296, 351(3),109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया था। आरोपी घटना दिनांक को घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था जिसकी पतासाजी हेतु मुखबिर लगाया गया था।

# राजधानी में वर्षा के कारण अनेक वार्डों में जलभराव

**रायपुर।** राजधानी में आज निरंतर वर्षा के कारण अनेक क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। खारून नदी का भी जलस्तर बढ़ते जा रहा है। जिसे देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। महापौर के निर्देश के बावजूद भी अब निगम के नालियों की सफाई की कलई खुलती जा रही है। विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं जोन आयुक्त वस्तुस्थिति की जानकारी ले रहे है। निगम इसकी साफ सफाई करोने के लिए जेसीबी और फोनलैन का सहारा ले रहा है। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड के अंतर्गत शास्त्री बाजार के सामने मुख्य बाजार मार्ग पर बंजारी वाले बाबा की मजार से एवरग्रीन चौक तक जाने वाले मार्ग पर दुकानों के सामने से पाटों को दो जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर सड़क में जल भराव की समस्या को दूर करने कार्यवाही जोन 4 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर जोन 4 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री वीरेन्द्र चंद्राकर की उपस्थिति में की गयी. बंजारी वाले बाबा की मजार से एवरग्रीन चौक जाने वाले मार्ग में दुकानों के सामने सड़क किनारे नाली पर बनाये गए लगभग 30 पाटों को जेसीबी मशीन से तोड़कर हटाया गया और भारी मात्रा में नाली बन्द होने के चलते जाम नाली का मलमा हटाकर सफाई करवाई गयी।

# शातिर ठग ने बोगस सामान देकर असली सोना-चांदी उठाया ज्वेलरी दुकान से

**दुर्ग।** जिले की छावनी थाना क्षेत्र में ज्वेलरी दुकानदारों को नकली सोना देकर बदले में असली सोने की अंगुठी तथा चांदी का सिक्का लेकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके कब्जे से एक 10 ग्राम का चांदी का सिक्का एवं एक 05 ग्राम का चांदी का सिक्का बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना छावनी अन्तर्गत प्रार्थी मनोज जैन पिता राजेन्द्र जैन उम्र 40 साल निवासी गंजपारा दुर्ग प्रोपाईटर सहेली अलंकरण जवाहर मार्केट पावर हाउस भिलाई एवं पवन कुमार सोनी पिता ओम प्रकाश सोनी उम्र 42 साल निवासी रामनगर राम जानकी मंदिर सुपेला थाना सुपेला प्रोपाईटर न्यू अभिषेक ज्वेलर्स सरकुलर मार्केट भिलाई के द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनके दुकान से एक व्यक्ति जो अपना नाम राजेश पाठक बताता है जिसकी उम्र करीबन 65 वर्ष होगी ने उनके दुकान से एक सोने का अंगुठी एवं चांदी का सिक्का 10 ग्राम तथा न्यू अभिषेक ज्वेलर्स सरकुलर मार्केट भिलाई मे एक सोने का अंगूठी एवं 05-05 ग्राम का दो चांदी का सिक्का के बदले मे अपने पास रखे नकली सोने का टॉप्स एक-एक जोड़ी देकर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ दो अलग अलग मामलो में धारा 318(4) बीएनएस एवं धारा 318(4) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया । विवेचना के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया तथा उससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नरेन्द्र नंदलाल महेश्वरी बताया जिसने अपना असली नाम छिपाकर ज्वेलरी दुकान में अपना नाम राजेश पाठक बताकर धोखाधडी करना स्वीकार किया। मामला अजमानतीय होने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। नाम आरोपी :- नरेन्द्र नंदलाल महेश्वरी पिता नंदलाल महेश्वरी उम्र 67 साल निवासी हाल गोकुल टाऊन शिप फ्लेट मकान नं. ए/202 गोकुल टाऊन रोड, विरार बेस्ट थाना बोलिंज जिला थाना महाराष्ट्र के द्वारा दो ज्वेलरी दुकान (1) सहेली अलंकरण जवाहर मार्केट पावर हाउस भिलाई मे एक सोने का अंगुठी एवं चांदी का सिक्का 10 ग्राम (2) न्यू अभिषेक ज्वेलर्स सरकुलर मार्केट भिलाई मे एक सोने का अंगूठी एवं 05-05 ग्राम का दो चांदी का सिक्का लिये बदले मे अपने पास रखे नकली सोने का टाप्स एक एक जोडी देकर धोखाधडी किया है।

## रायपुर-दुर्ग-बिलासपुर संभाग में झमाझम वर्षा

**रायपुर।** राजधानी सहित रायपुर-बिलासपुर-दुर्ग से लगे जिलों में आज झमाझम वर्षा हुई। राजधानी का मौसम आज खुला रहा लेकिन दोपहर होते ही वर्षा हुई। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि मध्य क्षेत्र कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होगी। मौसम वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा के अनुसार एक चक्रीय चक्रवात और द्रोणिका की बनने के कारण रायपुर-बिलासपुर संभाग से लगे जिलो में आने वाले 24 घंटों में अच्छी वर्षा होगी। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा वर्षा नारायणपुर में 500 मीमी हुई है। वहीं बालोद बलौदाबाजार में 300 मीमी वर्षा हुई है। डॉ. चन्द्रा के अनुसार एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश से झारखंड तक, उत्तर मध्य देश, उत्तर छत्तीसगढ होते हुए 0.9 द्मद्व ह्लश 1.5 द्मद्व तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से दक्षिण झारखंड तक, दक्षिण गुजरात, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 4.5 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

# अंधेरे में जिंदगी, हाईवे पर रोकी गाड़ियां



**कोरबा।** एक तो बारिश का मौसम और ऊपर से बिजली कटौती और वह भी पावर हब कोरबा जिले में। समस्या से परेशान रजकम्मा (मदनपुर) गांव के लोगों ने समस्या का समाधान न होने से नाराज होकर अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 पर चक्का जाम कर दिया। दोनों दिशा में सैकड़ो की संख्या में गाड़ियों के लाइन लग गई। कटघोरा पुलिस में उपाय खोजा। तब कहीं लोगों ने प्रदर्शन समाप्त किया और हाईवे पर आवागमन सामान्य हो सका।

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि इसलिए कुछ दिन से इस गांव में बिजली नहीं है। इससे लगे आसपास के इलाके भी अंधकार में डूबे हुए हैं। इसके चलते ना तो घरेलू काम हो पा रहे हैं और ना ही व्यावसायिक गतिविधियां चल पा रही हैं। ऊपर से बारिश का सीजन है इसलिए परेशानियां कुछ ज्यादा हो गई है। बिजली से संबंधित परेशानी का हल खोजने के लिए लोगों ने अपने स्तर पर स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के अधिकारियों तक सूचना भिजवाई और काम करने को कहा लेकिन कोई परिणाम नहीं आए। आखिरकार लोगों के तेवर साथ में आसमान पर पहुंच गए और उन्होंने बिजली कंपनी के साथ-साथ प्रशासन को सबक सिखाने के लिए नेशनल हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। लोगों के इस तेवर की जानकारी मिली तो अधिकारी हरकत में आए क्योंकि छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन देखा आज से 2 दिन के प्रवास पर कोरबा जिले में आ रहे हैं। स्वाभाविक रूप से ऐसी स्थिति में गलत संदेश जाए, यह कोई नहीं चाहता। ग्रामीणों के प्रदर्शन के कारण हाइवे में दोनों दिशाओं में सैकड़ो की संख्या में गाड़ियों की लाइन लग गई और लोग परेशान हुए।

आखिरकार कटघोरा टीआई धर्म नारायण तिवारी दलबल के साथ यहां पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें भरोसे में लिया कि बिजली कंपनी से संवाद कर जल्द ही उनके यहां की समस्या का समाधान किया जाएगा। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने इस बात को माना और प्रदर्शन खत्म किया। इस दौरान हैरान करने वाली बात यह रही की विद्युत कंपनी के वितरण क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों ने नकारात्मक रवैये का प्रदर्शन किया। कहां जा रहा है यह इन कर्म से आ रही चुनौतियों की खबर ऊपर तक पहुंचाई जाएगी। इससे पहले बिजली कंपनी की उदासीनता के चक्कर में कई जगह लोगों ने उनके स्टाफ को सबक भी सिखाया है।

## सब स्टेशन से एक लाख का कॉपर वायर चुराया

**कोरबा।** बिजली वितरण कंपनी के कटघोरा डिविजन के अंतर्गत लाद कोरबी स्थित विद्युत सब स्टेशन से चोर ने कॉपर वायर की चोरी कर ली। जूनियर इंजीनियर की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में अपराध पंजीकृत किया है और जांच कर रही है।

कोरबी पुलिस ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कंपनी का सब स्टेशन है जहां पर यह घटना हुई। बताया गया कि स्टेशन के अंदर मौजूद ट्रांसफार्मर मैं प्रयुक्त होने वाले कहां पर वायर की काफी मात्रा की चोरी कर दी गई। इसकी अनुमानित कीमत लगभग एक लाख रुपए बताई गई है। संबंधित सामग्री स्पेयर के रूप में रखी गई थी। मौके पर यह सामान गायब मिला।

## स्कूल गेट के पास फंसा मालवाहक



**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी के पास स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के गेट के पास आज सुबह एक मालवाहक फंस गया। गनीमत रही कि इसकी बाउंड्रीवाल नहीं टूटी और न ही कोई जनहानि हुई। खबर के मानिकपुर से मालवाहक आ रहा था तभी स्कूल के पास चालक हड़बड़ा गया और गाड़ी यहां पर फंस गई।

### जमीन धंसी, किया रेस्क्यू

**कोरबा।** एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट गेवरा माइंस के व्यू प्वाइंट में एकाएक जमीन धंस गई। सूचना मिलने पर आवश्यक कार्य कराया गया और स्थिति को सामान्य करने का प्रयास हुआ। बारिश में उत्पन्न हालातों को लेकर एसईसीएल प्रबंधन ने मॉकड्रील के अंतर्गत इस काम को किया। इसमें माइंस रेस्क्यु टीम के साथ रेस्क्यु एजेंसियों को भी शामिल किया गया जो आपदा की स्थिति में इस प्रकार के अभियान चलाती है।






## चटाइनार में झाड़ियों से निष्क्रिय हुई स्ट्रीट लाइट



**कोरबा।** बांकीमोंगरा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत चटाईनार इलाके में स्ट्रीट लाइट को लेकर समस्या बनी हुई है। रात्रि में इसके काम नहीं करने से आवागमन करने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है। इस समस्या के निराकरण के लिए कोशिश जारी है।

भाजपा पार्षद अश्विनी मिश्रा ने इस समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिकारी का ध्यान आकर्षित कराया है। पत्र में कहां गया कि इस क्षेत्र में ना तो स्ट्रीट लाइट जल रही है और ना ही इसका लाभ लोगों को मिल रहा है। एक स्थान पर स्विच पैनल खुला हुआ है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इन मुद्दों पर सुधार की जरूरत है। ऐसा होने से राहत मिलेगी।

सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो ने बताया कि क्षेत्र में अलग-अलग समस्याएं आ रही हैं जिन्हें हमने रेक्टिफाई कराया है। कर्मियों के सर्वे करने से मालूम चला कि इस क्षेत्र में झाड़ियां के कारण समस्या है इसलिए उसकी छटाई करेंगे। अभी दूसरी जगह से स्काई लिफ्ट लेनी पड़ती है। डिस्टिक मिनिरल फंड से एक संसाधन मंजूर कराया गया है।

## चार रेंज में 48 हाथी, निगरानी बढ़ाई



**कोरबा।** हाथियों के मामले में समस्याग्रस्त बने हुए वनमंडल के तीन रेंज में 46 और कोरबा के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में 2 दंतैल की सक्रियता की जानकारी मिली है। इस आधार पर आसपास के इलाके में निगरानी बढ़ाई गई है और लोगों को सतर्क किया गया है।

पता चला कि कुदमुरा रेंज के एक इलाके में इन हाथियों को देखा गया। दोनों दंतैल हैं। वे सामान्य हाथियों के मुकाबले आक्रामक होते हैं और उनके हमले के परिणाम भी काफी खतरनाक होते हैं। इस बारे में खबर होने के साथ फॉरेस्ट हरकत में है।। बताया गया कि जिस क्षेत्र में जंगली जानवर को देखा गया है उसके आसपास के विभिन्न ग्रामों में संबंधित माध्यम से लोगों को सूचित किया गया है। उन्हें पूरी सतर्कता बरतने और जंगल से दूरी बनाने को कहा गया है। करतला पुलिस को भी जंगली जानवरों की एक्टिविटी के बारे में खबर है और वह भी अपने सूचना तंत्र के जरिए ग्रामीणों को जागरूक करने में लगी हुई है। पुलिस ने माना कि जंगली जानवरों की हरकतों से जो घटनाएं होती हैं उसके कारण सभी प्रभावित क्षेत्रों में चुनौतियां बढ़ती हैं।

दूसरी ओर कटघोरा वनमंडल के तीन रेंज एतमानगर, केंदई व जटगा में 46 हाथी सक्रिय हैं। लगातार यहां के जंगलों में हाथियों के विचरण से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। इसे देखते हुए वन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। इस कार्य में मैदान अमले के अलावा ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है जो लगातार हाथियों का लोकेशन अपने अधिकारियों को दे रहे हैं। हाथियों के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने की सूचना मिलते ही हाथी ड्यूटी पर तैनात वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंच जाते हैं और हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही करते हैं। फलस्वरूप हाथी जंगल की ओर वापस लौटने को मजबूर हो जाते हैं। कटघोरा में सक्रिय हाथियों का बड़ा समूह एतमानगर रेंज के गुरसिया व मड़ई के बीच जंगल में विचरण कर रहे हैं। जिसमें 27 की संख्या में हाथी शामिल हैं जबकि जटगा में 14 व केंदई रेंज के कापानवापारा सर्किल में 5 हाथी घूम रहे हैं।


जय भोले

प्लाट बेचना है

दादर कोरबा में 20 डिसमिल रजिस्ट्री प्लाट एवं 15 डिसमिल डायवर्टेड प्लाट बेचना है।

संपर्क करें

62681-46606







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com